# मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 1/2010 से 12/2012

## भाग–एक

**1 प्रारम्भिकः–**

**(i)** मन्दिर माता श्री चिन्तपूर्णी जिला ऊना हिमाचल प्रदेश के अवधि 1/2010 से 12/2012 के लेखाओं का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23 (2) (ग)(2) तथा हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या भाषा (A)3–3/85–पार्ट–II दिनांक 17.1.1989 के दृष्टिगत इस विभाग द्वारा किया गया।

**(ii) अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिकारी बतौर मन्दिर अधिकारी मन्दिर माता श्री चिन्तपूर्णी में कार्यरत्त थे।**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री नरेन्द्र शर्मा | सहायक आयुक्त | 1/2010 से 05/2010 |
| 2 | श्री अश्वनी रमेश | सहायक आयुक्त | 1/2010 से 12/2012 |
| 3 | श्री अवनीश शर्मा | मन्दिर अधिकारी | 1/2010 से 12/2012 |

**(iii) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | गम्भीर अनियमितताओं का सार | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | 10 | मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा दी गई अग्रिम राशि का समायोजन न करना | ₹2.32 |
| 2 | 11 | आय की गणना के रजिस्टर में राशि का कम लिया जाना | ₹4.51 |
| 3 | 12(क) | चढ़ावे के रूप से प्राप्त आय में से व्यय को कम न करने के पुजारी शेयर का अधिक भुगतान करना | ₹40.10 |
| 4 | 12(ख) | गलत गणना के कारण पुजारी शेयर के रूप में राशि का अधिक भुगतान करना | ₹0.98 |
| 5 | 12(ग) | पुजारियों/बारीदारों द्वारा पुजारी शेयरों की न मॉगी गई सावधि के स्थान पर चालू खाते में रखना | ₹149.25 |
| 6 | 14 | मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा निक्षेप कार्य (डिपाजिट वर्क) करवाने के लिए अदा की गई के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करना | ₹134.63 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | 15 | श्री जोगिन्द्र सिंह सेवादार लांगरी के आश्रितों को अर्जित अवकाश नगदीकरण के रूप में राशि का अधिक भुगतान करना | ₹0.36 |
| 8 | 16 | माता चिन्तपूर्णी मन्दिर के कर्मचारियों को अर्जित अवकाश नगदीकरण के रूप में राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹6.19 |
| 9 | 17 | सेवानिवृत कर्मचारियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹29.75 |
| 10 | 19(क) | मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा हिमाचल प्रदेश के सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों अर्थात मन्दिर अधिकारी, सहायक मन्दिर अधिकारी तथा चपड़ासी को मानदेय के रूप में राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹5.07 |
| 11 | 19(ख) | मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा जिला स्तर तथा उप मण्डल स्तर पर कार्यरत्त अधिकारियों को मानदेय के रूप में राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹0.86 |
| 12 | 19 (ग) | मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा अपने कर्मचारियों को मानदेय के रूप में राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹46.91 |
| 13 | 19 (घ) | मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा सुरक्षा कर्मियों (भूतपूर्व सैनिकों), हिमाचल प्रदेश के होमगार्डो तथा सफाई संविदाकार के कर्मियों को मानदेय के रूप में राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹21.86 |
| 14 | 20 | मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा स्थाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों (भूतपूर्व सैनिकों), हिमाचल प्रदेश होमगार्डों तथा सफाई संविदाकार के कर्मियों को त्यौहार उपहार के रूप में नगद राशि का अनियमित भुगतान करना | ₹5.17 |
| 15 | 21(क) | मैसर्ज जैन एण्ड एसोशिएसन गुडगांव से पार्किंग स्थल एवं स्वागत सैन्टर के फेज–I के अतिरिक्त फेज–II तथा फेज–III का अनुमान तथा प्राकलन तैयार करवाने के कारण अनियमित भुगतान की सम्भावना | ₹31.77 |
| 16 | 21(ख) | मैसर्ज जैन एसोशिएटस से स्त्रोत से आयकर की कटौती न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | ₹2.11 |
| 17 | 28 | बिजली के मीटर के बिल का दोहरा भुगतान | ₹0.25 |
| 18 | 40 | सुलभ इन्टरनेशनल चण्डीगढ़ को भुगतान की गई राशि के | ₹25.36 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बारे में | |
| 19 | 41(क) | अग्नि शमन (फायर टैण्डर) वाहन के क्रय पर स्वीकृति राशि से अधिक व्यय करना | ₹20.97 |
| 20 | 41 (ख) | स्वराज माजदा टिप्पर वाहन संख्या एचपी–19–8525 का में क्रय करने से सम्बन्धित अनियमितताओं के बारे में | ₹7.60 |
| 21 | 41(ग) | वहन Sx4 BS-IV का क्रय करने से सम्बन्धित अनियमितताओं के बारे में | ₹7.95 |
| 22 | 41(घ)(i) | वाहन संख्या एच0पी0–19–सी–0099 का क्रय करने से सम्बन्धित अनियमितताओं के बारे में | |
| 23 | 41(घ)(ii) | वाहन संख्या एच0पी0–19–सी–0099 से 35010 किलोमीटर दूरी की यात्राओं से सम्बन्धित विवरण उद्देश्य न दिए जाने के बारे मे | |
| 24 | 41(ङ)(i) | वाहन संख्या एच0पी0 20–सी–004 से 9019 किलोमीटर दूरी की यात्राएं जिनका मन्दिर कार्यों से सम्बन्ध न होना | |
| 25 | 42 | विज्ञापनों पर राशि का अनियमित व्यय करना | ₹74.18 |

**(iv) गत अंकेक्षणः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत अनुच्छेदों के निपटारे हेतु कोई भी विशेष कार्रवाई नहीं की गई। अतः लम्बित अनुच्छेदों के निपटारे हेतु शीध्र उचित पग उठाए जाऐं। गत अवधि के अंकेक्षण अनुच्छेदों की नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "A"** पर दिया गया है।

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षणः–**

मन्दिर माता चिन्तपूर्णी जिला ऊना के लेखाओं अवधि 1.1.2010 से 31.12.2012 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण सर्व श्री जितेन्द्र सिंह अनुभाग अधिकारी तथा संजीव कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनॉक 11.3.2013 से 3.8.2013 के दौरान किया गया। उक्त अंकेक्षण दल के साथ श्री संजीवन कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा भी दिनांक 3.6.13 से 3.8. 2013 के दौरान अंकेक्षण किया गया। आय की विस्तृत जॉच हेतु मास 8/2010, 8/2011 तथा 4/2012 तथा व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास 7/2010, 7/2011 तथा 7/2012 के लेखाओं का चयन किया गया।

"The audit report has been prepared on the basis of information furnished and made available by the controlling officer of the Temple. The office of Local Audit Department disclaims any responsibility for any misinformation and or non information on the part of auditee."

**3 अंकेक्षण शुल्कः–**

मन्दिर माता श्री चिन्तपूर्णी के अवधि 1/10 से 12/12 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹134900/– आंका गया। मन्दिर अधिकारी माता श्री चिन्तपूर्णी को अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 के पक्ष में प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2013 दिनॉक 12.8.2013 द्वारा अनुरोध किया गया।

**4 वित्तीय स्थितिः–**

**(i)** मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी की अवधि 1.1.2010 से 31.12.2010 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है जिसका विवरण **परिशिष्ट "i"** पर भी दिया गया है।

**Receipts**

| **Year** | **2010** | **2011** | **2012** |
|---|---|---|---|
| Opening Balance | 342186130.68 | 404201463.38 | 507576422.45 |
| Offering to Diety Cash | 148977213.00 | 185421754.00 | 244229162.00 |
| Instt. Received & accured on deposits | 15014455.00 | 30586459.36 | 53649252.00 |
| Other Income | 14971924.00 | 15563793.71 | 19306423.71 |
| Grand Total | 521149722.68 | 635773470.45 | 824761260.16 |
| Expenditure during the year | 116948259.30 | 128197048.00 | 172776615.00 |
| Closing Balance | 404201463.38 | 507576422.45 | 651984645.16 |

**(ii) अन्तशेष का विवरणः–**

रोकड़ वही के अनुसार दिनांक 31.12.2012 को अन्तशेष ₹651984645.16 था तथा दिनांक 31.12.2012 को बैंक/डाकघर के बचत खातों में जमा राशि, सावधि जमा योजना के अन्तर्गत बैंकों में जमा राशि तथा हस्तगत राशि का अन्तशेष निम्नविवरणानुसार ₹654933114.36 था।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बैंक/डाकघर बचत खाते में जमा राशि **परिशिष्ट "i" (A)** | 49562001.36 |
| 2 | सावधि जमा खाते में निवेश **परिशिष्ट "i" (B)** | 605192029.00 |
| 3 | हस्तगत राशि | 179084.00 |
| | | **654933114.36** |

**(iii) बैंक समाधान विवरणीः–**

उक्त विवरणानुसार दिनांक 31.12.2012 को बैंक के अन्तशेष तथा रोकड़ वही के अन्तशेष में ₹654933114.36–₹651984645.16=₹2948469.20 का अन्तर पाया जिनका विवरण **परिशिष्ट "i" (C)** के साथ संलग्न बैंक समाधान विवरणी में दिया गया है।

**(iv)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि डाकघर के बचत खाता संख्या 276613 में मास 5/2006 से ₹37547.05 जमा थी परन्तु उक्त खाते पर ब्याज नहीं लगाया गया है। अतः ब्याज का मामला डाकघर से उठाया जाए तथा ब्याज के रूप में प्राप्त राशि को रोकड़ वही में दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

## 5 सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों के बारे में:–

**(क)** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा दिनांक 31.3.12 तक ₹605192029/– विभिन्न बैंकों में सावधि जमा योजना के अन्तर्गत निवेशित की गई थी जिसका विवरण **परिशिष्ट "i" (B)** में दिया गया है। अतः परामर्श दिया जाता है कि इन सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों को परिपक्वता तिथि पर भुनाया जाना अथवा पुनः निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ख) सावधि जमाओं पर स्त्रोत पर आयकर ₹3204420/– की कटौती करने बारेः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा प्राप्त चढ़ावे की राशि को विभिन्न बैंकों में सावधि जमा योजनाओं में निवेशित किया जा रहा है परन्तु **परिशिष्ट " i " (D)** पर दिए गए विवरणानुसार बैंकों द्वारा विभिन्न सावधि जमाओं पर परिपक्वता पर प्राप्त ब्याज पर आयकर की कटौती करने के उपरान्त शेष राशि को पुर्ननिवेशित किया गया है। इस बारे स्पष्टीकरण देने/सूचना उपलब्ध करवाने हेतु मन्दिर अधिकारी को आडिट मैमों संख्या 76/2013 दिनांक 23.4.2013 द्वारा अनुरोध किया गया था। मन्दिर अधिकारी द्वारा पत्र संख्या 2537/13 दिनांक 31.7.2013 द्वारा सावधि जमाओं पर स्त्रोत पर काटे गए आयकर से सम्बन्धित जो सूची उपलब्ध करवाई गई है वह आडिट मैमों में दर्शाई गई सावधि जमाओं के अनुरूप नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त चर्चा के दौरान अंकेक्षण को यह भी बताया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी को नियमानुसार आयकर विभाग से कर की छूट भी मिली है। अतः अनियमित रूप से काटे गए आयकर की ₹3204420/– बारे मामला सम्बन्धित बैंकों से उठाया जाए तथा उक्त राशि की वसूली करके मन्दिर निधि में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए।

## 6 गत तीन वर्षों में प्राप्त आयः–

**(i)** मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा गत तीन वर्षों में निम्न प्रकार से आय अर्जित की गई।

| क्र0सं0 | वर्ष | आय (ब्याज सहित) |
|---|---|---|
| 1 | 2010 | 178963592 |
| 2 | 2011 | 231572007 |
| 3 | 2012 | 317184837 |

**(ii)** आय की अनुपातिका के अनुसार कर्मचारियों के वेतन, भत्तों तथा अन्य मदों पर किया गया व्ययः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा पर दर्शाए गए विवरणानुसार कर्मचारियों के वेतन, भत्तों तथा अन्य मदों पर आय की अनुपातिका के अनुसार किया गया व्यय निम्न प्रकार से है, जिसका विवरण **परिशिष्ट "i" (E)** पर भी दिया गया है जिनसे यह प्रतीत होता है कि आय की अनुपातिका के अनुसार इन मदों पर लगभग 12**%** से 15**%** तक प्रतिवर्ष व्यय किया गया है।

| क्र0सं0 | वर्ष | शुद्ध आय/प्राप्ति | भुगतान राशि | प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 | 178963592 | 26091664 | 14.58% |
| 2 | 2011 | 231572007 | 218914657 | 12.48% |
| 3 | 2012 | 317184837 | 36409766 | 11.48% |

**(iii) गत तीन वर्षों में विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत प्राप्त आय तथा किये गए व्यय एवं स्थाई सम्पत्तियों में निवेश की तुलनात्मक विवरणीः–**

**(1) आयः–**

| क्र0सं0 | शीर्ष | 2010 | 2011 | 2012 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दानपात्र | 148977213 | 185421754 | 244229162 |
| 2 | विकास | 1615923 | 1791971.71 | 2829253.38 |
| 3 | लंगर | 5873292 | 7698602 | 8905011 |
| 4 | यात्री भवन | 119525 | 99375 | 162350 |
| 5 | बचत पर ब्याज | 1365941 | 2951437.36 | 1660246 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | बकरों की नीलामी | 151120 | 163825 | 207915 |
| 7 | भण्डार की नीलामी | 164862 | 47089 | 77246 |
| 8 | सावधि पर ब्याज | 13648514 | 27635022 | 51989006 |
| 9 | अग्रिम | 1698785 | 624410 | 2883625 |
| 10 | विदेशी मुद्रा | 2911292 | 3815714 | 3525410.33 |
| 11 | एम्बूलेंस | 7100 | 8140 | 8540 |
| 12 | प्रतिभूति राशि | 160334 | 19522 | 19229 |
| 13 | धरोहर राशि | 1200 | 9360 | 34300 |
| 14 | निविदा फार्म | 150 | 3155 | 19300 |
| 15 | लंगर प्रतिभूति | 554000 | 709000 | 464000 |
| 16 | ऊधार वापिसी | 690000 | — | — |
| 17 | वसूली | 19841 | — | 8100 |
| 18 | विविध आय | 4500 | — | 8800 |
| 19 | पर्यटन विभाग हिमाचल प्रदेश | 1000000 | — | — |
| 20 | आर0टी0आई0 | — | 2752 | 2537 |
| 21 | मन्दिर की मुरम्मत एवं रख रखाव | — | 202020 | — |
| 22 | दान वापिसी | — | 114858 | 132000 |
| 23 | यात्री भवन प्रतिभूति | — | 4000 | 18000 |
| 24 | वाहन नीलामी | — | 250000 | — |
| 25 | गऊशाला | — | — | 807 |

**2 व्ययः—**

| **क्र0 सं0** | **शीर्ष** | **2010** | **2011** | **2012** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दूरभाष व्यय | 87546 | 45734 | 46199 |
| 2 | स्टेशनरी | 200869 | 172521 | 306775 |
| 3 | बिजली | 1343141 | 1400883 | 1535653 |
| 4 | सफाई एवं स्वास्थ्य | 1322250 | 1555896 | 2012785 |
| 5 | मानदेय | 2083772 | 2489763 | 3293482 |
| 6 | लंगर | 3358180 | 4086642 | 5050998 |
| 7 | विविध | 83839 | 39015 | 8350 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | वेतन/मजदूरी | 12962041 | 12816699 | 16002566 |
| 9 | भवन किराया | 30870 | 525355 | 541405 |
| 10 | वाहन मुरम्मत एवं रख रखाव | 753989 | 787265 | 919060 |
| 11 | विज्ञापन | 2479756 | 2688990 | 2260012 |
| 12 | स्ट्रीट लाईट | 925937 | 950928 | 1531396 |
| 13 | बैंक प्रभार | 3353 | 7050 | 5872 |
| 14 | यात्री भवन | 27986 | 14215 | 44968 |
| 15 | वेतन (होमगार्ड) | 4218350 | 4577396 | 5980094 |
| 16 | अंकेक्षण शुल्क | 111720 | 103308 | 47698 |
| 17 | मन्दिर परिक्षेत्र रख रखाव | 14960256 | 8093992 | 5832677 |
| 18 | जनरेटर की मुरम्मत एवं रख रखाव | 72192 | 72626 | 106677 |
| 19 | अग्रिम | 206000 | 779410 | 4297625 |
| 20 | जल प्रभार | 17400 | 11680 | 14112 |
| 21 | कम्पयूटर मुरम्मत एवं रख रखाव | 13141 | 13550 | 4450 |
| 22 | कानूनी प्रभार | 12000 | 14000 | 2500 |
| 23 | मेला प्रबन्धन | 4542685 | 5616562 | 6633334 |
| 24 | पुजारी शेयर | 41600367 | 54873679 | 82488608 |
| 25 | वर्दियॉ | 1161001 | 59447 | 17894 |
| 26 | दान | 541116 | 1201491 | 5805667 |
| 27 | एच0पी0 एक्स सर्विस मैन कारपोरेशन (वेतन) | 4096001 | 5782699 | 7142202 |
| 28 | शू रैक (मजदूरी) | 84000 | 84000 | 84000 |
| 29 | चारकोल | 70000 | — | 108000 |
| 30 | मास्टर प्लान | 1972517 | 10552 | — |
| 31 | विद्युत उपकरण | 171160 | 104948 | 123230 |
| 32 | चिकित्सा प्रतिपूर्ति | 64180 | 52306 | 74344 |
| 33 | अर्जित अवकाश भुगतान | 619820 | 35011 | 135859 |
| 34 | विकास कार्य | — | 604200 | — |
| 35 | सुलभ इन्टरनैशनल चण्डीगढ़ | 781000 | 795550 | 960000 |
| 36 | गरीब लड़कियों की शादी के लिए अनुदान/सहायता | 3005100 | 5610100 | 4000000 |
| 37 | उत्सव उपहार | 180250 | 319000 | 900 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 38 | रैडक्रास ऊना | 900000 | 600000 | 700000 |
| 39 | प्रतिभूति | 1200 | 2060 | 5000 |
| 40 | मोबाईल रिचार्ज | 81363 | 79484 | 66124 |
| 41 | योग तथा प्रसाद | 3240 | 18720 | 36335 |
| 42 | मूमैन्टो | 33500 | 92600 | 8500 |
| 43 | डाकटिकट | 8000 | 13000 | 8000 |
| 44 | लिफट की मुरम्मत एवं रख रखाव | 59595 | 65480 | — |
| 45 | मुख्यमन्त्री राहत कोष | 3200000 | 3100000 | 3100000 |
| 46 | क्षतिपूर्ति भुगतान (कर्मचारी) | 545000 | 1105000 | 1295000 |
| 47 | यात्रा भत्ता दावा | 2312 | — | 7512 |
| 48 | सोना चांदी | 2550 | 2850 | — |
| 49 | ग्रैच्युटी | — | 180887 | 472534 |
| 50 | हवन | 10153 | — | — |
| 51 | अखबार | 16616 | 8394 | 12060 |
| 52 | शिक्षा | 103625 | 204122 | 316000 |
| 53 | लंगर प्रतिभूति | 474000 | 654000 | 418000 |
| 54 | सोम भद्रा उत्सव ऊना | 300000 | 300000 | 300000 |
| 55 | दान | 1667680 | 1115090 | 3658920 |
| 56 | रास्ते का निर्माण (अनुदान) | 120328 | — | — |
| 57 | केबल नैटवर्क | — | 10800 | 10800 |
| 58 | उपायुक्त ऊना (गारवेज मैनेजमैन्ट रिफन्ड) | — | 1000000 | — |
| 59 | क्राकरी | — | 23218 | — |
| 60 | संविदाकार प्रतिभूति | 19412 | 23566 | 182535 |
| 61 | यात्री भवन प्रतिभूति | — | 6000 | 12000 |
| 62 | उपमण्डलाधिकारी अम्ब को उधार / अग्रिम | — | — | 675900 |

**(3) स्थाई सम्पतिः—**

| **क्र0सं0** | **शीर्ष** | **2010** | **2011** | **2012** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गऊशाला | 3492867 | 1616022 | 317290 |
| 2 | सी0सी0टी0वी0 | 48004 | 601942 | 160213 |
| 3 | साऊंड सिस्टम | 73226 | 50750 | — |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | फर्नीचर / बैंच | 337827 | 88100 | — |
| 5 | मोबाईल फोन | — | — | 40000 |
| 6 | कम्पयूटर | 92700 | 43500 | — |
| 7 | शैड | 632878 | — | — |
| 8 | साईन बोर्ड | 31824 | — | — |
| 9 | वाहन / फायर टैन्डर | 1502475 | 795000 | 3554500 |
| 10 | दर्शन पर्ची मशीन | 69000 | — | — |

## 7 सोना तथा चान्दी का विवरणः—

**(क) सोनाः—** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा प्रस्तुत माता श्री चिन्तपूर्णी का अवधि 1.1.2010 से 31.12.2010 के दौरान सोने का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

**1.1.2010 से 31.12.2010**

| | **क्विंटल** | **कि0ग्रा0** | **ग्रा0** | **मि0ग्रा0** |
|---|---|---|---|---|
| गत शेष | 1 | 38 | 734 | 019 |
| प्राप्ति | — | 08 | 197 | 510 |
| कुल योग | 1 | 46 | 931 | 529 |

**1.1.2011 से 31.12.2011**

| | **क्विंटल** | **कि0ग्रा0** | **ग्रा0** | **मि0ग्रा0** |
|---|---|---|---|---|
| गत शेष | 1 | 46 | 931 | 529 |
| प्राप्ति | — | 07 | 914 | 908 |
| कुल योग | 1 | 54 | 846 | 437 |

**1.1.2012 से 31.12.2012**

| | **क्विंटल** | **कि0ग्रा0** | **ग्रा0** | **मि0ग्रा0** |
|---|---|---|---|---|
| गत शेष | 1 | 54 | 846 | 437 |
| प्राप्ति | — | 07 | 541 | 422 |
| कुल योग | 1 | 62 | 387 | 859 |

**दिनांक 31.12.2012 को सोने के अन्तिम शेष का विवरण**

| | क्विंटल | कि0ग्रा0 | ग्रा0 | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|---|
| राजकीय उपकोष अम्ब में जमा | 1 | 59 | 097 | 859 |
| माता के श्रृंगार हेतु प्रयुक्त सोना | – | 3 | 290 | – |
| **योग** | **1** | **62** | **387** | **859** |

**(ख)** अंकेक्षण अवधि 1.1.2010 से 31.12.2012 के दौरान प्राप्त सोने की जॉच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट "ii"** पर दिए गए विवरणानुसार 32 ग्राम 320 मि0ग्रा0 सोने की मात्रा अधिक दर्ज की गई थी। अतः अधिक दर्ज की सोने की मात्रा की संस्था स्तर पर विस्तृत जॉच करके वस्तु स्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए तथा इस प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई भी अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ग) चांदीः–** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा प्रस्तुत माता श्री चिन्तपूर्णी का अवधि 1.1.2010 से 31. 12.2010 के दौरान चांदी का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

**1.1.2010 से 31.12.2010**

| | क्विंटल | कि0ग्रा0 | ग्रा0 | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|---|
| गत शेष | 47 | 20 | 796 | 330 |
| प्राप्ति | 3 | 66 | 605 | 960 |
| कुल योग | 50 | 87 | 402 | 290 |

**1.1.2011 से 31.12.2011**

| | क्विंटल | कि0ग्रा0 | ग्रा0 | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|---|
| गत शेष | 50 | 87 | 402 | 290 |
| प्राप्ति | 03 | 03 | 014 | 480 |
| कुल योग | 53 | 90 | 416 | 770 |

**1.1.2012 से 31.12.2012**

| | क्विंटल | कि0ग्रा0 | ग्रा0 | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|---|
| गत शेष | 53 | 90 | 416 | 770 |
| प्राप्ति | 02 | 59 | 384 | 500 |
| कुल योग | 56 | 49 | 801 | 270 |

**दिनांक 31.12.2012 को चांदी का अन्तशेष का विवरण**

| | क्विंटल | कि0ग्रा0 | ग्रा0 | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|---|
| राजकीय उपकोष अम्ब में जमा | 55 | 57 | 894 | 270 |
| माता जी के श्रृंगार हेतु प्रयुक्त | — | 50 | 990 | 000 |
| वर्ष 2006 तक प्राप्त चांदी को पिघलाने के उपरान्त प्राप्त व्यर्थ पदार्थ जोकि राजकीय अम्ब में जमा है | — | 40 | 917 | 000 |
| **योग** | **56** | **49** | **801** | **270** |

**(घ)** अंकेक्षण अवधि 1.1.2010 से 31.12.2012 के दौरान प्राप्त चांदी की जॉच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट "iii"** पर लगाए गए विवरणानुसार 2 कि0ग्रा0 790 ग्रा0 चांदी की मात्रा कम दर्ज की गई थी। अतः कम दर्ज गई चांदी की मात्रा की संस्था स्तर पर विस्तृत जॉच वस्तु स्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए तथा इस प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई भी अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**8 बजटः—**

अंकेक्षणाधीन अवधि में मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा स्वीकृत बजट एवं किए गए व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| **वर्ष** | **स्वीकृति बजट** | **वास्तविक व्यय** | **अन्तर** |
|---|---|---|---|
| 2010 | 122527500 | 116948259 | 5579241 |
| 2011 | 193393000 | 128197048 | 65195952 |
| 2012 | 274400700 | 172776615 | 101624085 |

**9 स्थापनाः–**

**(क)** अंकेक्षण द्वारा जारी ऑडिट मैमों संख्या 51/2013 दिनांक 18.3.2013 के सन्दर्भ में मन्दिर अधिकारी द्वारा अपने पत्र संख्या 1567/13 दिनांक 10.4.2013 के अन्तर्गत उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार माता श्री चिन्तपूर्णी मन्दिर के अधिकारियों/कर्मचारियों के स्वीकृत पदों तथा कार्यरत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचना उपलब्ध करवाई गई है जोकि **परिशिष्ट "iv"** पर संलग्न है। इसके अतिरिक्त सक्षम अधिकारी के आदेशों की प्रति जिसके माध्यम से कार्यरत्त कर्मचारियों की संख्या स्वीकृत की गई है अंकेक्षण में उपलब्ध नहीं करवाई गई है जिसे आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा चालक का एक पद स्वीकृत संख्या से अधिक भरा गया है जिसके बारे में नियमानुसार इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ख)** माता श्री चिन्तपूर्णी मन्दिर के कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन (पी0आर0) बी (7)–1/2009 दिनांक 26.8.2009 के अनुसार संशोधित वेतनमान दिया गया है परन्तु उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि का निर्धारण हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्त विभाग के पत्र संख्या फिन (पी0आर0) बी (7)–1/2009 दिनांक 10.9.2009 के अनुरूप न करके **परिशिष्ट "v"** पर दिए गए विवरणों के अनुसार करके सम्बन्धित कर्मचारियों को अधिक भुगतान किया गया। अतः इन कर्मचारियों को किए गए अधिक भुगतान की गणना संस्था स्त्तर पर करके अपेक्षित वसूली की जाए व अनुपालना आगामी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ प्रस्तुत की जाए।

**(ग)** आयुक्त (मन्दिर) के कार्यालय आदेश संख्या 246/पी0ए0डी0पी0 ऊना दिनांक 4.6.1999 द्वारा श्री बिहारी लाल तथा कार्यालय आदेश संख्या 1273/2000 दिनांक 30.11.2000 द्वारा श्री भूपेन्द्र सिंह सेवादार को दिनांक 9.10.2000 से सेवादार तकनीकी के पद पर वेतनमान 2620–4140 में नियमित किया गया, तदानुसार श्री बिहारी लाल ने दिनांक 18.6.1999 को तथा श्री भूपेन्द्र सिंह ने दिनांक 9.10.2000 को सेवादार तकनीकी के पद पर कार्य ग्रहण किया। तत्पश्चात आयुक्त (मन्दिर) के कार्यालय आदेश संख्या 521–524 दिनांक 8.6.2007 द्वारा इन दोनों सेवादारों को इलैक्ट्रिशियन के पद पर वेतनमान 3120–5160 में प्रतिस्थापित किया गया तथा उन्हें इलैक्ट्रीशियन के पद पर वही मूल वेतन दिया गया जो वह सेवादार तकनीकी के पद पर आहरित कर रहे थे परन्तु आयुक्त (मन्दिर) के कार्यालय आदेश संख्या 19 दिनांक 7.1.2010 द्वारा श्री बिहारी लाल को दिनांक 18.6.1999 से ही तथा कार्यालय आदेश संख्या 26 दिनांक 7.1.2010 द्वारा श्री भूपेन्द्र सिंह को दिनांक 9.10.2000 से ही इलैक्ट्रीशियन के पद का वेतनमान 3120–5160 देकर **परिशिष्ट "vi"** पर दिए गए विवरणानुसार उनका वेतन निर्धारित

करके उन्हें अनुचित लाभ पहुँचाया गया है, जिसके बारे में नियमानुसार इस विभाग को अवगत करवाया जाए अन्यथा अधिक किए गए भुगतान की गणना संस्था स्तर पर करके अपेक्षित वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों से की जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही भुगतान किया जाए।

**(घ)** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा कर्मचारियों को दी गई वार्षिक वेतन वृद्धियों की जॉच करने पर पाया गया कि जो कर्मचारी वार्षिक वेतन वृद्धि की अवधि में अर्जित अवकाश पर थे उन्हें भी वार्षिक वेतन वृद्धि का वित्तीय लाभ उनके कार्यग्रहण करने की तिथि की अपेक्षा प्रथम तिथि से ही जारी कर दिया गया है जिसका विवरण **परिशिष्ट "vii"** पर दिया गया। अतः इस सन्दर्भ में अपेक्षित वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों से करके मन्दिर की निधि में जमा करवाई जाए क्योंकि वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1 (22)–ई–III (ए)/73 दिनांक 5.4.1974 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार " An employee during leave draws leave salary and not duty pay. An increment accuring during leave cannot, therefore, be drawn during leave. The increment in such cases will be drawn from the date of resumption of duty on return from leave."

**(ङ)** अंकेक्षण अवधि 1/2010 से 12/2012 के दौरान मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी के नियमित कर्मचारियों से सम्बन्धित वेतन भुगतान पंजिका (ई0सी0आर0) का रख रखाव मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा नहीं किया जा रहा है, परिणामस्वरूप कर्मचारियों को दी गई वार्षिक वेतन वृद्धिया, महँगाई भत्ते तथा अन्य भत्तो के रूप में प्रतिमाह किए गए भुगतान की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः सुझाव दिया जाता कि अपेक्षित पंजिकाओं को अविलम्ब तैयार किया जाए तथा प्रत्येक कर्मचारी को भुगतान किए गए वेतन/भत्तों की राशियों की प्रविष्टियां वेतन पंजिका में की जानी सुनिश्चित की जाएँ ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अनियमित अदायगी से बचा जा सके।

**(च)** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों तथा जिन कर्मचारियों की मृत्यु सेवा के दौरान हुई है उन्हें ग्रैच्युटी के अतिरिक्त अनियमित रूप से क्षतिपूर्ति (Compensation) का भी भुगतान किया गया है।

## 10 मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा दी गई अग्रिम ₹2328900/– का समायोजन न करनाः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा अपने अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों एवं फर्मों को जारी किए गए अग्रिमों तथा उसमें समायोजित राशियों का विवरण

**परिशिष्ट "Viii"** पर संलग्न है जिसके अनुसार अग्रिमों की ₹2328900/– समायोजित हेतु शेष थी। उपरोक्त असमायोजित राशियों के सन्दर्भ में निम्नलिखित टिप्पणियॉ अपेक्षित है।

**(i)** श्री जोगिन्द्र पाल वरिष्ठ सहायक से ₹8000/– (5000+3000) असमायोजित अग्रिम की वसूली रसीद 282/053 दिनांक 23.7.2013 द्वारा करने बारे पुष्टि कर ली गई है।

**(ii)** श्री अवनीश कुमार शर्मा मन्दिर अधिकारी द्वारा 12.10.2009 से 21.10.2011 के दौरान ₹80000/– बतौर अग्रिम ली गई है। श्री अश्वनी कुमार शर्मा का तबादला हो चुका है तथा इस अग्रिम राशि का समायोजन अभी तक नहीं किया गया है। इस बारे मामला ऑडिट मैमों संख्या 123/2013 दिनांक 4.7.2013 द्वारा मन्दिर अधिकारी के ध्यान में लाया गया है परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक इस बारे कोई भी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई।

**(iii)** दिनांक 5.12.2012 को उप मण्डलाधिकारी अम्ब के कार्यालय के बिजली के बिलों का भुगतान करने हेतु ₹675900/– का भुगतान किया गया परन्तु यह राशि अभी तक उपमण्डलाधिकारी अम्ब द्वारा वापिस नहीं की गई है। इस बारे मामला मन्दिर प्रबन्धन समिति के उच्चाधिकारियों के ध्यान में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु लाया जाता है।

**(iv)** मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी ने दिनांक 29.3.2012 को मैम्बर सैक्रेटरी सोसाईटी फॉर मैनेजमैट ऑफ मैडिकल एम्बुलेंस कोएक एम्बुलैंस 108 का क्रय करने हेतु ₹1500000/– भुगतान की है जिसका अभी तक समायोजन नहीं किया गया है। इस बारे में मामला मन्दिर प्रबन्ध समिति के ध्यान में आवश्यक कार्रवई हेतु लाया जाता है।

## 11 आय की गणना के रजिस्टर में ₹451000/– का कम लिया जानाः–

अंकेक्षण की दौरान पाया गया कि मन्दिर समिति द्वारा गणना रजिस्टर में निम्नविवरणानुसार ₹451000/– कम ली गई है जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

**(i)** गणना रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 13375 पर दिनांक 12.8.2010 को ₹1000 के Denomination के 421 नोट प्राप्त किए गए जिनकी गणना की ₹421000/–बनती है परन्तु गणना में इन नोटों की ₹42000 ली गई है इस प्रकार ₹379000 (421000–42000) गणना में कम ली गई जिसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

**(ii)** गणना रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 13380 पर दिनांक 17.8.2010 को ₹1000 Denomination के 170 नोट प्राप्त किए गए परन्तु इन नोटों की संख्या को अधोलिखित (overwrite) करके 170 नोट के स्थान पर 100 नोट कर दिए गए तथा गणना में ₹100000 (1000X100) ली गई जबकि यह ₹170000 (170X1000) बनती थी। इस प्रकार गणना में ₹70000 (₹170000–₹100000) कम ली गई जिनकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

**(iii)** गणना रजिस्टर पृष्ठ संख्या 12850 पर दिनांक 23.11.2011 को ₹128000 के बजाए गणना ₹126000 ली गई है। इस प्रकार में ₹2000 कम ली गई जिसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

अतः कम ली गई राशि की प्रतिपूर्ति उचित स्त्रोत से करके मन्दिर कोष में जमा करवानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 12 पुजारी शेयर के भुगतान से सम्बन्धित अनियमितताएंः–

### (क) चढ़ावे के रूप से प्राप्त आय में से व्यय को कम न करने के पुजारी शेयर का ₹4010907/–का अधिक भुगतान करनाः–

माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के आदेश संख्या CWPS No. 603 of 2003 तथा 257 of 2004 दिनांक 11.5.2005 के अनुसार बारीदारों, पुजारियों के शेयर के सन्दर्भ में निम्न विवरणानुसार निर्णय लिया गया थाः–

"We have also taken note of the request of the State Govt. in the affidavit of the Chief Secretary with respect to permitting the State Government to deduct the administrative expenditure i.e. Puja Archana, Langer, Dispensary and Maintainance Expenditutre of the Temple Premises before releasing the share to Baridass/Pujasis from the offering received from the main " Danpatra" and other "Golkas" placed in temple premises. Being Prima facie satisfied that indeed the above said administrative expenditure should be borne from the aforesaid offerings, by way of intrim order, We direct that hence forth Temple Managemenrt/State Government/Temple Commissioner shall deduct the administrative expenditure out of the aforesaid offerings."

परन्तु अंकेक्षण अवधि 1/2012 से 12/2012 के दौरान जॉच में पाया गया कि **परिशिष्ट "ix"** पर दर्शाए गए विवरणानुसार चढ़ावे की आय में से उक्त व्यय की कटौती किए बिना ही पुजारी शेयर ₹4010907/– का अधिक भुगतान कर दिया गया है जो कि माननीय उच्च न्यायालय क आदेशों की अवहेलना हैं । अतः उक्त अधिक भुगतान की सम्बन्धित से वसूली सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को अवगत किया जाए।

### (ख) गलत गणना के कारण पुजारी शेयर के रूप में ₹98493/– का अधिक भुगतान करनाः–

पुजारियों को किए भुगतान की जॉच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट "x"** पर दिए गए विवरण के अनुसार गलत गणना करने के कारण पुजारी शेयरों का ₹98493/– का अधिक भुगतान किया गया है जिसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

**(ग) पुजारियों/बारीदारों द्वारा पुजारी शेयरों की न मॉगी गई ₹14925414/— को सावधि के स्थान पर चालू खाते में रखनाः—**

मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना जोकि **परिशिष्ट "xi"** पर संलग्न है, के अनुसार अंकेक्षणाधीन अवधि 1/2010 से 12/2012 के दौरान बारीदारों द्वारा पुजारी शेयरों की ₹14925414/— नही मॉगी नहीं थी, जिसे मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा बैंक के चालू खाते में रखा जा रहा है। बैंक के नियमानुसार उक्त खाते पर ब्याज देने का कोई प्रावधान नही है। इस प्रकार चालू खाते में राशि रखने पर ब्याज की हानि उठानी पड़ी। इस सन्दर्भ में परामर्श दिया जाता है कि उक्त खाते में पड़ी राशि को पूर्व वर्षों की भांन्ति सावधि जमा योजनाओं में निवेशित किया जाए जिससे उक्त खाते में जमा राशि पर अधिक ब्याज अर्जित किया जा सके।

**(ii)** उपरोक्त के अतिरिक्त मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार माननीय न्यायालयों के आदेशों की अनुपालना में पुजारियों द्वारा अपने हिस्से की न मांगी गई कुछ राशियों को मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा भारतीय स्टेट बैंक की चिन्तपूर्णी शाखा में सावधि जमा योजनाओं में भी निम्न प्रकार से निवेश किया गया है। यह मामले अभी माननीय न्यायालयों में विचाराधीन है तथा निर्णय आने पर इन सावधि योजना में जमा राशि तथा उन पर प्राप्त होने से ब्याज की राशि के बारे में तदानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

| क्र0सं0 | सावधि जमा सं0 | अवधि | राशि | ब्याज दर | ब्याज | परिपक्वता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 31043293064 | 2.2.2010 से 2.2.2011 | 1544631 | 6% | 94784 | 1639415 |
| | | 2.2.2011 से 2.2.2012 | 1639415 | 7% | 117560 | 1756975 |
| | | 2.2.2012 से 2.2.2013 | 1756975 | 9.25% | 168245 | 1925220 |
| (ii) | 31400364021 | 9.9.2010 से 9.9.2011 | 363333 | 6.75% | 25153 | 388486 |
| | | 9.9.2011 से 9.9.2012 | 388486 | 9.25% | 30780 | 419266 |
| | | 9.9.2012 से 9.9.2013 | 419266 | 8.25% | 36790 | 456056 |
| (iii) | 30991422578 | 15.12.2010 से 15.12. 2011 | 128802 | 6% | 8523 | 137325 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15.12.2011 से 15.12. 2012 | 137325 | 9.25% | 13150 | 150475 |
| | | 15.12.2012 से 15.12. 2013 | 150475 | 8.50% | 13204 | 163679 |
| (iv) | 3099142491 | 15.12.2009 से 15.12. 2010 | 863923 | 6% | 53013 | 916936 |
| | | 15.12.2010 से 15.12. 2011 | 916936 | 6% | 60677 | 977613 |
| | | 15.12.2011 से 15.12. 2012 | 977613 | 9.25% | 93615 | 1071228 |
| | | 15.12.2012 से 15.12. 2013 | 1071228 | 8.50% | 93998 | 1165226 |
| (v) | 31400368491 | 9.9.2010 से 9.9.2011 | 325905 | 6.75% | 22562 | 348467 |
| | | 9.9.2011 से 9.9.2012 | 348467 | 9.25% | 27609 | 376076 |
| | | 9.9.2012 से 9.9.2013 | 376076 | 8.50% | 33000 | 409076 |
| (vi) | 31400379656 | 9.9.2010 से 9.9.2011 | 72423 | 6.75% | 5014 | 77437 |
| | | 9.9.2011 से 9.9.2012 | 77437 | 9.25% | 6134 | 85571 |
| | | 9.9.2012 से 9.9.2013 | 83571 | 8.50% | 7333 | 90904 |
| (vii) | 31977159403 | 8.10.2011 से 8.10. | 556916 | 9.25% | 47671 | 604587 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | | | | |
| | | 8.10.2012 से 8.10. 2013 | 604587 | 8.25% | 53051 | 657638 |
| (viii) | 31977160112 | 8.10.2011 से 8.10. 2012 | 77349 | 9.25% | 6621 | 83970 |
| | | 8.10.2012 से 8.10. 2013 | 83970 | 8.50% | 7368 | 91338 |
| (ix) | 31977152838 | 8.10.2011 से 8.10. 2012 | 348072 | 9.25% | — | 258634 |
| | | 8.10.2012 से 8.10. 2013 | 258634 | 8.50% | 22495 | 281329 |
| (x) | 32173559893 | 3.2.2012 से 3.2.2013 | 796654 | 9.25% | 76286 | 872940 |
| (xi) | 32173557727 | 3.2.2012 से 3.2.2013 | 110645 | 9.25% | 10595 | 121240 |
| (xii) | 32173557160 | 3.2.2012 से 3.2.2013 | 497908 | 9.25% | 47679 | 54587 |
| | | | | **योग** | **1182910** | |

**नोटः–** उपरोक्त विवरण के **क्र0सं0** (ix) के अनुसार सावधि जमा संख्या 31977152838 में अवधि 8.10.2011 से 8.10.2012 के लिए ₹348072 9.25% की दर से निवेशित की गई थी जिसकी परिपक्वता राशि ₹381403/– थी परन्तु इस सावधि जमा में परिपक्वता पर ₹258634/– ही प्राप्त की गई जिसे अवधि 8.10.'2012 से 8.10.2013 तक पुनः निवेशित किया गया। इस सन्दर्भ में मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार बैंक द्वारा अवधि 8.10.2011 से 8.10.2012 तक निवेशित सावधि जमा पर गलती से आयकर कटौती

₹122769/– (381403–258634) कर ली गई है। अतः इस बारे मामला बैंक से उठाया जाए तथा कटौती की गई राशि को पुनः सावधि जमा में निवेशित किया जाए।

**(घ) पुजारी शेयर की रोकड़ वही का निर्माण न करने बारेः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा पुजारियों/बारीदारों को देय उनके त्रैमासिक हिस्से को मुख्य रोकड़ वही से एक मुश्त निकालकर चालू खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। जॉच में पाया गया कि उक्त की गई हस्तांतरित राशि का लेखा जोखा रखने के लिए अलग से रोकड़ वही/खाता वही का निर्माण नहीं किया जा रहा है जिससे कि पुजारी/बारीदारों को हिस्से हेतु प्राप्त आय व उनके आगामी वितरण हेतु राशि की जांच नहीं की जा सकी यद्यपि 31.12.2012 तक स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया चिन्तपूर्णी के चालू खाता संख्या 11283610104 मे ₹16168430 शेष थी जिसका मिलान नहीं किया जा सका। अंकेक्षण द्वारा पूर्व में भी इस मामले बारे आपत्ति उठाई जाती रही है। अतः इस बारे विशेष ध्यान दिए जाने तथा अपेक्षित रोकड़ वही का निर्माण शीध्र किए जाने की आवश्यकता है। इस सन्दर्भ में अनुपालना आगामी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ प्रस्तुत करें।

## 13 पंचायत प्रधानों तथा अन्य विभागों को किए गए भुगतानों के बारे मेंः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि में पंचायत प्रधानों को किए गए भुगतानों में निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–

**(क)** सचिव (भाषा एवं संस्कृति) हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में मन्दिर प्रबन्ध व्यवस्था बारे दिनांक 2.8.2008 को आयोजित बैठक की प्रोसिंडिंग की मद संख्या 8 के अनुपालना में निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला–9 के पत्र संख्या भासनि–14/97–मन्दिर–7–16121 दिनांक 22.8.2008 के अनुसार "मन्दिर द्वारा जा भी कार्य करवाए जाने हो, वे सभी मास्टर प्लान में शामिल होने चाहिए "। उपरोक्त के अतिरिक्त माननीस उच्च न्यायालय शिमला द्वारा CWP No. 603/2003 तथा 257/2004 के मामले में दिनांक 23.4.2008 को दिए गए निर्णय के अनुसार "In both the writ petitions similar order in being passed. We have been informed by the leaved Advocate General that they are sticking to the plan submitted before the court. It is a healthy sign and We hope and trust that confidence report upon the State will no be shattered for times to come and State would stick to the plan."

परन्तु **परिशिष्ट "xii"** पर दर्शाए गए विवरणानुसार पंचायत प्रधानों को विभिन्न कार्य करवाने हेतु निम्नविवरणानुसार भुगतान किया गया तथा चर्चा के दौरान अंकेक्षण को यह भी बताया गया कि यह कार्य मास्टर प्लान में शामिल नहीं थे। अतः मास्टर प्लान में कार्यों के सम्मिलित न होने के बावजूद भी इन कार्यों हेतु भुगतान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा किए गए भुगतान को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाये।

| वर्ष | मोईन पंचायत | नारी पंचायत | छपरोह पंचायत | योग |
|---|---|---|---|---|
| 2010 | 5091563 | 1447452 | 1835620 | 8374635 |
| 2011 | 486135 | 438227 | 1409482 | 2333844 |
| 2012 | 829095 | 1833253 | 2015235 | 4677583 |
| | **6406793** | **3718932** | **5260337** | **15386062** |

इसके अतिरिक्त मन्दिर प्रबन्धन द्वारा निम्नानुसार विभिन्न विभागों को अनुदान जारी किए गए थे परन्तु यह अनुदान "मास्टर प्लान" की अवहेलना करते हुए अन्यत्र कार्यों पर व्यय किए गए। अतः इन पर अंकुश लगाया जाए तथा मन्दिर निधि का व्यय "मास्टर प्लान" के अनुसार से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| मास | विभाग का नाम | राशि |
|---|---|---|
| 3/2010 | आई0आर0बी0 बनगढ़ | 150000 |
| 4/2010 | सोम भद्रा उपायुक्त ऊना | 300000 |
| 3/2011 | एसी0पी0 ऊना | 142050 |
| 4/2011 | प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह | 55000 |
| 5/2011 | Distt. Youth Co-ordinator | 12040 |
| 5/2011 | कमाडैंट होमगार्ड ऊना | 60000 |
| 7/2011 | निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग | 25000 |
| 9/2011 | जिला एटोर्नी ऊना | 16000 |
| | | **760090** |

**(ख)** अंकेक्षण के दौरान जॉच में यह भी पाया गया कि पंचायत प्रधानों को जो ₹15386062 का भुगतान किया गया है तथा अन्य विभागों को जो ₹760090 का अनुदान के रूप में भुगतान किया गया है उसमें अधिकतर भुगतान ₹50000/– से अधिक का है तथा इन्हें आयुक्त

(मन्दिर) द्वारा अपने स्तर पर ही स्वीकृत कर दिया गया है जबकि हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास (संशोधन) अधिनियम 2007 की धारा 4 (5) के अनुसार, आयुक्त (मन्दिर) प्रत्येक स्कीम में पचास हजार की राशि के लिए वित्तीय शक्तियों का प्रयोग कर सकते है और जिन स्कीमों में पचास हजार रूपये से अधिक का व्यय शामिल है उन्हें मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निदेशक भाषा एवं संस्कृति हिमाचल प्रदेश शिमला–9 ने पत्र संख्या भासनि–14/97–मन्दिर–7–16/21 दिनांक 22.8.2008 द्वारा भी यह निर्देशित किया है कि ₹50000/– से अधिक के कार्यों की स्वीकृति मुख्य आयुक्त (मन्दिर) से ली जानी है। अतः ऐसे प्रकरणों में नियमानुसार मुख्य आयुक्त (मन्दिर) की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके किए गए व्यय का नियमितकरण करवाया जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ग)** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा पंचायत प्रधानों को भुगतान की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किए गए है जिन्हें सम्बन्धित पंचायत प्रधानों द्वारा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सत्यापित करवाने के उपरान्त अविलम्ब प्राप्त किया जाए।

**(घ)** वाऊचर संख्या 628 माह 7/2012 के अन्तर्गत प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट को निर्माण कार्य "लिंक रोड खडड से सुरजीत सिंह हाऊस जी0पी0 गंगोट" के लिए प्रस्तुत अनुमान के आधार पर भुगतान किया गया। इस निर्माण के (Estimate) अनुमान के निम्नानुसार निर्माण कार्य की मदें निष्पादित होनी दर्शाई गई थी तथा इसी अनुमान के आधार पर उन्हें निर्माण कार्य करने के लिए राशि जारी की गई थीः–

| क्र0 सं0 | मद का नाम | लं0x | चौ0 x | गहराई | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boulder filling in dry hand pack | 170 | 3 | 0.12 | 61.20 व0मी0 | 797.35 | 48797 |
| 2 | C.C. 1:6:12 | 170 | 3 | 0.10 | 51 घन मी0 | 1942.33 | 99059 |
| 3 | C.c. 1:2:4 | 170 | 3 | 0.07 | 35.70 घन मी0 | 3165.90 | 113022 |
| | | | | | | **योग** | **260878** |
| | नोटः– उपरोक्त मदों में अन्य मदों का भुगतान शामिल नहीं है | | | कम 10**%** संविदाकार का लाभ | | | 26088 |
| | | | | **राशि** | | | 234790 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एच0पी0एस0आर0 पर 20**%** की दर से वृद्धि | 46958 |
| | | | | **योग** | 281748 |

उक्त निर्माण क्रय में मद संख्या 1 पर वर्णित "boulder filling in dry hand pack" का भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए क्योंकि सामान्यतः लिंक रोड पर "boulder filling" का कार्य नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त उक्त कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति भी प्राप्त नहीं की गई जिसका औचित्य भी स्पष्ट किए जाएं।

**(ङ)** अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि निम्नविवरणानुसार प्रधानों को निर्माण कार्य करवाने के लिए उनके द्वारा सौंपे गए अनुमानों के आधार पर राशि का भुगतान किया गया तथा यह अनुमान हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के "Schedule of Rates 2010" के आधार पर तैयार किए गए थे। अनुमानों की जॉच करने पर पाया गया कि जिन निर्माण मदों की दरों में वर्ष 2012 में वृद्धि हुई थी उनकी वृद्धि तो योग में ले ली गई परन्तु जिन मदों की दरों में कमी हुई थी उन्हें अनुमान राशि में से न घटाने के कारण प्रधानों को निम्नविवरणानुसार ₹14979/– का अधिक भुगतान किया गया क्योंकि सीमेन्ट की दर Schedule 2010 में ₹245/– ली गई थी परन्तु प्रधानों द्वारा वर्ष 2012 में सीमेन्ट कम दर पर क्रय किया गया था। अतः अधिक भुगतान की गई राशि का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

| **वा0सं0** | **मास** | **ग्राम पंचायत** | **मद** | **मात्रा** | **क्रय दर** | **Schedule Rate** | **अन्तर** | **अधिक भुगतान** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 620 | 7/2012 | छपरोह | सीमेन्ट | 121 | 221.96 | 245 | 23.04 | 2788 |
| 622 | 7/2012 | छपरोह | सीमेन्ट | 343 | 221.96 | 245 | 23.04 | 7903 |
| 621 | 7/2012 | छपरोह | सीमेन्ट | 150 | 221.96 | 245 | 23.04 | 3456 |
| 631 | 7/2012 | नारी | (i)सीमेन्ट | 100 | 238.12 | 245 | 6.88 | 688 |
| | | | (ii)सीमेन्ट | 50 | 242.12 | 245 | 2.88 | 144 |
| | | | | | | | | **14979** |

**(च)** मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी की दिनांक 22.8.2009 की बैठक के प्रस्ताव संख्या 2 में निर्णय लिया गया कि " प्रधान अपने स्तर पर जो भी कार्य करवाएंगे और उसके उपयोगिता प्रमाण पत्र अपने विभाग से प्राप्त करके मन्दिर कार्यालय में पेश करेंगे तथा उनके कार्य के प्रर्यवेक्षण हेतु एक उपसमिति का चयन भी किया गया जिसके सदस्य निम्न प्रकार हैः–

(i) सहायक अभियन्ता मन्दिर

(ii) श्री मनोहर कालिया

(iii) श्री कैलाश चन्द्र कालिया

(iv) श्री केदार नाथ कालिया

परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा न तो प्रधानों को जारी की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए और न ही पर्यवेक्षण हेतु गठित उप समिति की रिपोर्ट प्राप्त की गई। मन्दिर अधिकारी को आडिट मैमों संख्या 64/2013 दिनांक 30.3.2013 द्वारा भी इस बारे सूचना उपलब्ध करवाने बारे अनुरोध किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक मन्दिर अधिकारी द्वारा कोई भी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई।

## 14 मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा निक्षेप कार्य (डिपाजिट वर्क) करवाने के लिए अदा की गई ₹13463336/— के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करनाः—

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा **परिशिष्ट "xiii"** पर दिए गए विवरणानुसार विभिन्न विभागों को जमा/निक्षेत्र कार्य करवाने हेतु ₹13463336/— का भुगतान किया गया है, परन्तु डिपोजिट कार्य करवाने हेतु अदा की गई उक्त राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्राप्त नहीं किए गए है जिन्हें सम्बन्धित विभागों से प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ प्रस्तुत करें।

## 15 श्री जोगिन्द्र सिंह सेवादार लांगरी के आश्रितों को अर्जित अवकाश नगदीकरण के रूप में ₹36898/— का अधिक भुगतान करनाः—

श्री जोगिन्द्र सिंह सेवादार लांगरी की सेवा पुस्तिका की जॉच करने पर पाया गया कि उनकी मृत्यु दिनांक 9.1.2013 को हुई थी और उनके परिवार के सदस्यों को वाऊचर संख्या 2002 दिनांक 22.2.2013 द्वारा 134 दिनों के अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान किया गया परन्तु श्री जोगिन्द्र सिंह अपनी सेवा के दौरान ही 228 अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान ले चुके थी। अतः उनके आश्रितों को 300—228=72 दिनों का ही शेष अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान किया जाना अपेक्षित था जबकि उनके आश्रितों को 134 दिनों का अर्जित अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया गया। इस प्रकार श्री जोगिन्द्र सिंह सेवादार लांगरी के परिवार के सदस्यों को 134—72= 62 दिनों का अर्जित अवकाश नगदीकरण का ₹36898/— का अधिक भुगतान किया गया जिसकी वसूली करने हेतु मन्दिर अधिकारी को

ऑडिट मैमों संख्या 83/2013 दिनांक 27.4.2013 द्वारा भी अनुरोध किया गया था परन्तु उनके द्वारा कोई प्रत्युतर नहीं दिया गया। अतः अपेक्षित वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 16 माता चिन्तपूर्णी मन्दिर के कर्मचारियों को अर्जित अवकाश नगदीकरण के रूप में ₹619820 का अनियमित भुगतान करनाः—

माता चिन्तपूर्णी मन्दिर के कर्मचारियों को संलग्न **परिशिष्ट "xiv"** पर दर्शाए गए विवरण के अनुसार ₹619820/— का अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान समय—समय पर किया गया। मन्दिर के कर्मचारियों को निहित प्रावधानों में अर्जित अवकाश के नगदीकरण के भुगतान का कोई भी प्रावधान नहीं है। इस बारे गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में भी आपत्ति उठाई गई थी परन्तु फिर भी मन्दिर समिति द्वारा अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान किया जा रहा है। अतः अनयमित रूप से की गई अदायगियों को सम्बन्धित कर्मचारियों से वसूल किया जाए अन्यथा प्रदेश सरकार के प्रशासनिक विभाग से इसका नियमितिकरण करवाया जाए तथा भविष्य मं इस प्रकार की अनियमित अदायगियों पर निश्चित तौर पर अंकुश लगाया जाए। इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में अपने प्रशासनिक विभाग से भी उचित मार्गदर्शन प्राप्त किया जाए ताकि समस्त मन्दिरों में इस प्रकार की अदायगियों में समरूपता बनी रहे।

## 17 सेवानिवृत कर्मचारियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में ₹2975000 का अनियमित भुगतान करनाः—

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्ण द्वारा अपने सेवा निवृत कर्मचारियों को ग्रेच्युटी के अतिरिक्त **परिशिष्ट "xv"** पर दर्शाए गए विवरण के अनुसार ₹2975000/— का भुगतान क्षतिपूर्ति के रूप में भी भुगतान किया गया है जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित नियमों में इस प्रकार की क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान करने का कोई भी प्रावधान नहीं है। अतः नियमों के विरूद्ध किए गए भुगतान की वसूली शीध्र की जाए।

## 18 श्री रमेश चन्द ड्राईवर को चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे के रूप में ₹4615/— का अनियमित भुगतान करने बारेः—

आयुक्त (मन्दिर) माता श्री चिन्तपूर्णी के आदेश संख्या 506 से 510 दिनांक 8.6.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रबन्धन समिति मन्दिर माता श्री चिन्तपूर्णी के कर्मचारियों को निर्धारित दरों पर चिकित्सा भत्ते का भुगतान केवल इनडोर पैशन्ट को ही किया जाना अपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नानुसार श्री रमेश चन्द ड्राईवर को

₹4615/– का चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के रूप में भुगतान किया गया परन्तु चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल के साथ संलग्न अभिलेख से यह स्पष्ट नहीं होता है कि क्या श्री रमेश चन्द्र ड्राईवर का यह भुगतान Indoor Patient के रूप में किया गया है अथवा नहीं क्योंकि उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल के साथ Discharge Slip संलग्न नहीं थी। अतः इस सन्दर्भ में या तो "Discharge slip" चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे के साथ लगाई जाए ताकि यह पता लग सके उक्त कर्मचारी को यह भुगतान Indoor Patient के रूप में ही किया गया है अन्यथा अनियमित रूप से किए गए भुगतान की वसूली करके मन्दिर निधि में राशि जमा करवाई जाए।

| क्र0सं0 | वा0सं0 | मास | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 544 | 7/2010 | 1912 |
| 2 | 706 | 7/2010 | 2703 |
| | | | **4615** |

## 19 मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा मानदेय का अनियमित रूप में भुगतान करनाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा निम्नलिखित मामलों में मन्दिर की निधि में मानदेय का अर्थात अधिनियम रूप में भुगतान किया गया हैः–

### (क) मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा हिमाचल प्रदेश के सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों अर्थात मन्दिर अधिकारी, सहायक मन्दिर अधिकारी तथा चपड़ासी को मानदेय के रूप में ₹507997/–का अनियमित भुगतान करनाः–

हिमाचल प्रदेश सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 3 (2) के अनुसार, " The Government may from time to time appoint such officers and staff to assist the commissinor as it may dam fit." उपरोक्त प्रावधानों के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मन्दिर प्रबन्धन समिति चिन्तपूर्णी के कार्यों का सुचारू रूप से संचालन के लिए श्री अवनीश कुमार शर्मा को मन्दिर अधिकारी, श्री जुगल किशोर को सहायक मन्दिर अधिकारी तथा शेर सिंह को चपड़ासी के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री अवनीश कुमार शर्मा राजस्व विभाग (हि0प्र0) तथा श्री जुगल किशोर एवं शेर सिंह भाषा एवं संस्कृति (हि0प्र0) से सम्बन्धित है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मन्दिर अधिकारी, सहायक मन्दिर अधिकारी तथा चपड़ासी को वर्ष में लगने वाले मेलों के दौरान वेतन का 50**%** भाग (वेतन+भत्ते) मानदेय के रूप में भुगतान किया गया है। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मन्दिर अधिकारी को ₹2000/– की दर से वेतन के अतिरिक्त प्रतिमाह मानदेय

का भी भुगतान किया जा रहा है। इस प्रकार इन अधिकारियों/कर्मचारियों को निम्नविवरणानुसार ₹507997/– का अनियमित भुगतान किया गया है। उपरोक्त के सन्दर्भ में यह वर्णित किया जाता है कि इन अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति सरकार द्वारा मन्दिर कार्यों का संचालन करने के लिए ही की गई है तथा उनके द्वारा मन्दिर कार्यों के अतिरिक्त कोई भी विशेष कार्य नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार उनके द्वारा मन्दिर प्रबन्धन को दी गई सेवाऐं मात्र इनकी वैधानिक सेवा legitimate duties का निर्वाहन ही है। अतः निम्नविवरणानुसार मानदेय के रूप में किए गए ₹507997/– के अनियमित भुगतान की वसूली सुनिश्चित की जाए क्योंकि उप सचिव (भाषा एवं संस्कृति विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या एल0सी0डी0–बी (2) 9/94–1 दिनांक 21.12.2010 में भी यह वर्णित किया गया है "It has come to the notice of the Government that some temple trusts are paying remuneration/honorasium to the Government officers/officials whereas there is no such provision of payment of remuneration/hovorarium in the Himachal Pradesh Hindu Public Religious institutions & charitable Endowments Act 1984. You are, therefore, requested that, if any, remuneration has been/is being paid in contravention of the provisions of Act, iobid (as amended in 2007 & 2010 respectively) it will amount to audit objectiousm therefore timely action for recovery be made from the concerned officers/officials of the Government deputed in the temple trust so as to avoid audit abjections." अतः उक्त पत्र के अनुसार भी उन्हें मानदेय का भुगतान देय नही है।

| क्र0सं0 | वा0सं0 | मास | श्री अवनीश शर्मा (मन्दिर अधिकारी) | श्री जुगल किशोर (स0मं0अ0) | श्री शेर सिंह (चपड़ासी) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1409 | 1/2010 | 15107 | – | 7068 | 22175 |
| 2 | 4 | 4/2010 | 15107 | – | 7068 | 22175 |
| 3 | 901 | 9/2010 | 16544 | – | 7979 | 24523 |
| 4 | 1315 | 10/2010 | 16544 | – | 7979 | 24523 |
| 5 | 1722 | 1/2011 | 16544 | – | 7979 | 24523 |
| 6 | 1848 | 2/2011 | – | 12312 | – | 12312 |
| 7 | 141 | 4/2011 | 17770 | 13224 | 7979 | 38973 |
| 8 | 776 | 8/2011 | 19064 | 14186 | 8924 | 42174 |
| 9 | 1205 | 10/2011 | 19064 | 14186 | 8924 | 42174 |
| 10 | 1779 | 1/2012 | 19064 | 14186 | 8924 | 42174 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 13 | 4/2012 | 19948 | 15294 | 9622 | 44864 |
| 12 | 756 | 7/2012 | 19948 | 152987 | 9622 | 44864 |
| 13 | 1415 | 10/2012 | 22369 | 17166 | 11008 | 50543 |
| 14 | (अवधि 1/2010 से 12/2012 तक ₹2000 प्रतिमास की दर से 36 मास के लिए मानदेय का भुगतान) | | 72000 | – | – | 72000 |
| | **योग** | | **289073** | **115848** | **103076** | **507994** |

**(ख) मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा जिला स्तर तथा उप मण्डल स्तर पर कार्यरत्त अधिकारियों को मानदेय के रूप में ₹86400/– का अनियमित भुगतान करनाः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा अवधि 1/2010 से 12/2012 के दौरान जिला स्तर तथा उप मण्डल स्तर के अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारियों को ₹86400/– का मानदेय के रूप में भुगतान किया गया जो कि उप सचिव (भाषा एवं संस्कृति विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या एल0सी0डी0–(बी)(2) 9/94–1 दिनांक 21.12.2010 के अनुसार उन्हें देय न है। अतः इसकी वसूली करनी सुनिश्चित की जाए।

| क्र0सं0 | कर्मचारी का नाम एवं कार्यालय | दर (मासिक) | अवधि (मास) | मानदेय राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कमल नयन (उपायुक्त कार्यालय ऊना) | 1600 | 36 | 57600 |
| 2 | डी ए ऊना (सैशन कोर्ट ऊना) | 500 | 36 | 18000 |
| 3 | ए0डी0एम0 अम्ब (सब जज कोर्ट अम्ब) | 300 | 36 | 10800 |
| | | **योग** | | **86400** |

**(ग) मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा अपने कर्मचारियों को मानदेय के रूप में ₹4691521/– का अनियमित भुगतान करनाः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा अपने कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष के दौरान आयोजित होने वाले मेलों के लिए निम्न भुगतान वाऊचरों के अन्तर्गत ₹4691521/– का मानदेय के रूप में अनियमित भुगतान किया गया है। इस सन्दर्भ में यह वर्णित किया जाता है कि मेलों के दौरान जिला प्रशासन द्वारा मन्दिर न्यास की सुरक्षा हेतु पुलिस तथा होमगार्ड,

राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तथा मन्दिर के लंगर, सफाई हेतु एवं अन्य कार्याजय से सम्बन्धित कार्यों हेतु सैकड़ों अस्थाई (दैनिक दर पर) कर्मचारियों की नियुक्ति के अतिरिक्त. मन्दिर के दैनिक चढ़ाने की गिनती/गणना करने के लिए भी जिला भाषा अधिकारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों को भी नियुक्त किया जाता है। अतः मन्दिर कर्मचारियों द्वारा इस अवधि के दौरान केवल अपने दैनिक वैधानिक कार्यों का ही निर्वहन किया जाता है जोकि इनके द्वारा कार्य विशेष न होकर इनका प्राथमिक वैधानिक कार्य है जिसके लिए इनकी नियुक्ति की गई है। यहॉ पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केन्द्रीय सिविल सेवा मूल नियम 46 (बी) तथा इसी सन्दर्भ में भारत सरकार में मिमिस्टरी ऑफ पर्सनल, पब्लिक ग्रोवैंसस एण्ड पैन्शन विभाग द्वारा पत्र संख्या 17011/3/97 स्थापना (अलाऊंस). दिनांक 17.7.1998 के पैरा (1) के अनुसार, " Honorarium should be paid only when the employees are entrusted with duties of a purly occational nature and under no circumstance should any honorarium be paid for performing any functions that are legitimately part of one"s defined duties and responsibilities." इसी पत्र के पैरा (5) के अनुसार, "It is also classified that amount of 5000, 2500 payable in each case by the ministries/departments under the powers delegated to them vide this departments O.M. No. 17011/9/85 स्थापना (ए एल) दिनांक 23.12.85 refers to the total amount of honorarium whether recurring or non recurring, that may be paid to an individual in a financial year."

अतः मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी के अधिकारियों/कर्मचारियों को दिए जा रहे मानदेय को उपरोक्त केन्द्रीय सेवा नियम 46 (बी) तथा भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार उचित ठहराया जाए अन्यथा समस्त प्रकरण में संलिप्त राशि की वसूली करके अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को अवगत किया जाए। भुगतान किए गए मानदेय का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वा0सं0 | मास | मानदेय की राशि |
|---|---|---:|
| 1409 | 1/2010 | 340609 |
| 4 | 4/2010 | 339154 |
| 901 | 9/2010 | 368523 |
| 1315 | 10/2010 | 372890 |
| 1722 | 1/2011 | 363191 |
| 141 | 4/2011 | 389286 |
| 776 | 8/2011 | 407497 |
| 1205 | 10/2011 | 412533 |

| | | |
|---|---|---|
| 1779 | 1/2012 | 399887 |
| 13 | 4/2012 | 426399 |
| 755 | 7/2012 | 410321 |
| 1413 | 10/2012 | 461231 |
| | **योग** | **4691521** |

**(घ) मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा सुरक्षा कर्मियों (भूतपूर्व सैनिकों), हिमाचल प्रदेश के होमगार्डो तथा सफाई संविदाकार के कर्मियों को मानदेय के रूप में ₹2186000/– का अनियमित भुगतान करनाः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा सुरक्षा का कार्य हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विसमैन कार्पोरेशन हमीरपुर तथा हिमाचल प्रदेश होमगार्ड के कर्मचारियों की सेवाऐं लेकर तथा मन्दिर परिसर की सफाई का कार्य संविदाकार की सेवाऐं लेकर निष्पादित करवाया जा रहा है। जॉच में पाया गया कि सुरक्षा कर्मियों, हिमाचल प्रदेश के होमगार्डो तथा संविदाकार के कर्मचारियों को वर्ष में लगने वाले मेलों के लिए ₹2186000/– का मानदेय भुगतान किया गया। यह कर्मचारी मन्दिर प्रबन्धन समिति के न होकर अन्य विभागों एवं संविदाकार के कर्मचारी है। अतः इन कर्मियों को निम्न विवरणानुसार किया गया मानदेय का भुगतान अनियमित है जिसकी वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए क्योंकि उप सचिव (भाषा एवं संस्कृति विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्याः एल0सी0डी0–बी (2) 9/94–1 दिनांक 21.12.2010 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार इन कर्मियों को मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सकता है।

| वा0सं0 | मास | मानदेय की राशि |
|---|---|---|
| 1448 | 1/2010 | 55500 |
| 377 | 5/2010 | 64500 |
| 1090 | 9/2010 | 139000 |
| 1358 | 10/2010 | 129000 |
| 222 | 5/2011 | 282000 |
| 1193 | 10/2011 | 250000 |
| 1265 | 10/2011 | 34000 |
| 1775 | 1/2012 | 120000 |
| 1776 | 1/2012 | 132000 |
| 1922 | 1/2012 | 34000 |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | 4/2012 | 134000 |
| 34 | 4/2012 | 118000 |
| 35 | 4/2012 | 34000 |
| 757 | 7/2012 | 140000 |
| 758 | 7/2012 | 134000 |
| 775 | 8/2012 | 34000 |
| 1414 | 10/2012 | 162000 |
| 1419 | 10/2012 | 190000 |
| | **योग** | **2186000** |

**20 मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा स्थाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों (भूतपूर्व सैनिकों) हिमाचल प्रदेश होमगार्डों तथा सफाई संविदाकार के कर्मियों को त्यौहार उपहार के रूप में नगद ₹517500/– का अनियमित भुगतान करना:–**

अंकेक्षण के दौरान जॉच में पाया गया मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा अपने स्थाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों (भूतपूर्व सैनिकों), हिमाचल प्रदेश के होमगार्डो तथा सफाई संविदाकार के कर्मियों को दीवाली पर त्यौहार उपहार के रूप में निम्नविवरणानुसार नगद ₹517500/– का भुगतान किया गया। हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास (संशोधन) अधिनियम 2007 के अनुसार इस प्रकार के भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है और न ही हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस प्रकार के नगद भुगतान करने का नियमों मे ंप्रावधान किया गया है। अतः अनियमित रूप से किए गए भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इसकी वसूली जी जाए।

| वा0सं0 | मास | स्थाई कर्मचारियों की सं0 | सुरक्षा कर्मियां, हि0 होमगार्ड तथा सफाई कर्मियों की सं0 | दर | राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1337 | 11/2010 | 67 | – | 1500 | 100500 | |
| 1338 | 11/2010 | – | – | – | 20000 | श्री अवनीश कुमार मन्दिर अधिकारी को अग्रिम राशि दी गई जिसका समायोजन नहीं किया गया है। |
| 1352 | 10/2011 | 64 | – | 2500 | 160000 | |
| 1494 | 11/2010 | – | 156 | 500 | 78000 | |
| 1318 | 10/2011 | – | 34 | 1000 | 34000 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1321 | 10/2011 | — | 58 | 1000 | 58000 |
| 1354 | 10/2011 | — | 67 | 1000 | 67000 |
| | | | | **योग** | **517500** |

## 21 मैसर्ज जैन एण्ड एसोशिएसन गुडगांव से कमीशन के आधार पर पार्किंग स्थल एवं स्वागत सांस्कृतिक सदन, गौ सदन एवं कर्मचारियों की आवासीय कालौनी हेतु अनुमान एवं प्राकलन तैयार करवाने बारेः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी की दिनांक 24.10.2008 को आयुक्त (मन्दिर) की अध्यक्षता में हुई बैठक में निम्नलिखित कार्यों को निष्पादन करने का निर्णय लिया गयाः–

**1 Reception centre complex**

**2 संस्कृत महाविद्यालय तथा कर्मचारी आवास कालौनी**

इस सन्दर्भ में निदेशक, भाषा एवं संस्कृति हिमाचल प्रदेश शिमला–9 ने पत्र संख्या भा0स0नि0–1/2008–मन्दिर श्री चिन्तपूर्णी–7713 दिनांक 6.5.2009 द्वारा सूचित किया है कि इस प्रकरण में मुख्य आयुक्त (मन्दिर) एवं सचिव (भाषा संस्कृति) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निम्न प्रकार से आदेश दिए गए हैः–

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृति सम्बन्धी आदेश |
|---|---|---|
| 1 | पार्किंग स्थल एवं स्वागत सैन्टर का निर्माण | In respect of C/O Parking, Reception Centre, how the temple will be finance this project in view of higher cost. If the project can be phased out, proporal for the first plase may be sent." |
| 2 | संस्कृति सदन और गौ सदन का निर्माण | C/O buildings for Sanskrit Mahavidyalya and C/O "Gow Sadan are approved. However specific case for staff etc. may be sent seperately taking into account any direction of the hight court. |

तत्पश्चात मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मैसर्ज जैन एण्ड ऐसोशिएटस गुडगांव को कमीशन के आधार पर पार्किंग स्थल एवं स्वागत सैन्टर, संस्कृत महाविद्यालय तथा कर्मचारी आवास कॉलौनी के अनुमान एवं प्राकलन तैयार करने का कार्य आंबटित किया गया। इस सन्दर्भ में निम्नलिखत टिप्पणियां अपेक्षित है।

**(क) मैसर्ज जैन एण्ड एसोशिएसन गुडगांव से पार्किंग स्थल एवं स्वागत सैन्टर के फेज–I के अतिरिक्त फेज–II तथा फेज–III का अनुमान तथा प्राकलन तैयार करवाने के कारण ₹3177633/– के अनियमित भुगतान की सम्भावनाः–**

उप सचिव (भाषा एवं संस्कृति विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या एल0सी0डी0–ई (2)–15/2000 दिनांक 25.2.2010 द्वारा पार्किंग स्थल एवं स्वागत सैन्टर के फेज–1 का ही निर्माण कार्य करवाने का प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया गया है जबकि मैसर्ज जैन ऐसासिएटस द्वारा फेज–1 के अतिरिक्त फेज–II तथा फेज–III का प्राकलन तथा अनुमान भी तैयार किया गया है जोकि अनियमित है क्योंकि फेज–II तथा फेज–III की प्रशासनिक स्वीकृति न होने की दृष्टिगत उक्त कार्य का अनुमान तथा प्राकलन तैयार करवाने की आवश्यकता नहीं थी। फेज–II तथा फेज–III की अनुमानित लागत ₹8 करोड़ 73 लाख है तथा इसके लिए मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मैसर्ज जैन एसोशिटस को ₹3177633/– का अनियमित भुगतान किया जाना प्रस्तावित किया गया है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए तथा यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यान में इस आशय के साथ लाया जाता है कि उक्त मामले में आवश्यक पड़ताल करके वस्तुस्थिति तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ख) मैसर्ज जैन एसोशिएटस से स्त्रोत से आयकर की ₹211331/– की कटौती न करने के कारण अनियमित भुगतान करनाः–**

मैसर्ज जैन ऐसाशिएटस को निम्नानुसार किए गए भुगतानो से स्त्रोत से आयकर की ₹211331/– की कटौती नहीं की गई है। मैसर्ज जैन एसोशिएटस से आयकर की कटौती न करने बारे स्पष्टीकरण मन्दिर अधिकारी से आडिट मैमों संख्या 95/2013 दिनांक 20.5.2013 के अन्तर्गत मांगा गया था परन्तु उनके द्वारा कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। अतः इस बारे वस्तुस्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए तथा स्त्रोत से आयकर के रूप में न काटी गई ₹211331/– की वसूली उक्त फर्म से नियमानुसार करके, यह राशि आयकर विभाग में जमा करवाई जाए।

| स्टेज | मास | पार्किंग स्थल एवं स्वागत सैन्टर | संस्कृत महाविद्यालय |
|---|---|---|---|
| रिटेनिंग राशि | 4/2008 | 30000 | |
| प्रथम | 2/2009 | 800000 | |
| द्वितीय | 3/2009 | 800000 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 12/2008 | | 140000 |
| द्वितीय | 3/2009 | | 281760 |
| | | **₹1630000** | **₹421760** |

(₹1630000+₹421760 = ₹2051760 पर 10.3**%** की दर से स्त्रोत से आयकर=₹211331/–)

**(ग) रिटेनिंग ₹30000/– की कटौती न करने बारेः–**

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा मैसर्ज जैन ऐसाशिएटस से किए गए अनुबन्ध के परिशिष्ट 2.3 के अनुसार उन्हें ₹30000/– बतौर रिटेनिंग राशि प्रदान की गई है जिसका समायोजन उनके आगामी बिलों से किया जाना था परन्तु जॉच में पाया गया कि 31.12.2011 तक इस राशि का समायोजन नहीं किया गया। इस बारे आडिट मैमों संख्या 94/2013 दिनांक 20.5.2013 द्वारा भी मन्दिर अधिकारी को सूचना उपलब्ध करवाने बारे अनुरोध किया गया था, परन्तु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्रवाई करके अनुपालना से अस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(घ) संस्कृति सदन तथा कर्मचारी आवासीय कॉलौनी के प्राकलन तथा अनुमान तैयार करवाने के लिए ₹1118137/– के भुगतान बारेः–**

प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा संस्कृति सदन तथा कर्मचारी आवासीय कॉलौनी के प्राकलन तथा अनुमान तैयार करवाने के लिए मैसर्ज जैन एसोशिएटस गुड़गॉव को दिनांक 31.12.2011 को ₹1118137/– भुगतान की गई। यह कार्य किस स्तर पर है इसकी सूचना उपलब्ध करवाने बारे मन्दिर अधिकारी को आडिट मैमों संख्या 96/2013 दिनांक 20.5.2013 द्वारा अनुरोध किया गया परन्तु अपेक्षित सूचना अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई। अतः अपेक्षित सूचना इस विभाग को अविलम्ब उपलब्ध करवाई जाए।

## 22 नायब तहसीलदार भरवाई के कार्यालय के दूरभाष बिलों का ₹16861/– का भुगतान करने बारेः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा नायब तहसीलदार भरवाईं के कार्यालय में लगाए गए दूरभाष संख्या 256818 के प्रभार के रूप में निम्नविवरणानुसार ₹16861/– का भुगतान किया गया। यह भुगतान मन्दिर निधि पर अनुचित प्रभार है। अतः ₹16861/– की वसूली उचित स्त्रोत से करके मन्दिर निधि में जमा करवाई जाए।

| वा0सं0 | मास | राशि |
|---|---|---|
| 1517 | 1/2010 | 828 |
| 1795 | 3/2010 | 828 |
| 354 | 5/2010 | 1009 |
| 649 | 7/2010 | 1061 |
| 1143 | 9/2010 | 1066 |
| 1641 | 12/2010 | 1100 |
| 1831 | 2/2011 | 935 |
| 5158 | 3/2011 | 1016 |
| 452 | 6/2011 | 1440 |
| 665 | 7/2011 | 854 |
| 1152 | 10/2011 | 827 |
| 1524 | 11/2011 | 842 |
| 1892 | 1/2012 | 828 |
| 2272 | 3/2012 | 827 |
| 395 | 5/2012 | 843 |
| 821 | 8/2012 | 842 |
| 1401 | 10/2012 | 857 |
| 1567 | 11/2012 | 858 |
| | **योग** | **16861** |

**23 निर्माण कार्य का नामः– C/O Gaushala at Katoher Kalam Amb (Sh. C/O Admn. Block Sick Cow Shed, Staff Residence**

संविदाकार का नामः– श्री संजीव कुमार

आदेश संख्याः– टी टी सी 48/डिवैल्पमैन्ट–08–508

मापन पुस्तिका संख्याः– 39

**(क)** उक्त कार्य की माप पुस्तिका संख्या 39 की जॉच करने पर पाया गया कि गलत गणना करने के कारण संविदाकार को निम्नविवरणानुसार ₹2649/– का अधिक भुगतान किया गया है जिसकी वसूली करनी सुनिश्चित की जाए।

| मापन पुस्तिका पृ0सं0 | मद का नाम | ली गई गणना | सही गणना | अन्तर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | P/F form work with steel plates | 1x2x4.80x.15=2.88m2 | 1.44m2 | 1.44m2 | 111 | 160 |
| 25 | Steel work welded in biuilt up section 15MC 75x40 | 1x7x20.30=148.10m@ 6.8K/m=1007.08Kg | 142.10m@6.80 Kg=966.28Kg | 40.80kg | 61 | 2489 |
| | | | | | **योग** | **2649** |

**(ख)** उपरोक्त के अतिरिक्त इस निर्माण कार्य में सक्षम अधिकारी से स्वीकृति/अनुमोदन लिए बिना निम्नानुसार अतिरिक्त मदों का कार्य निष्पादित किया गया है। अतः सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके निष्पादित की गई मदों का नियमितकरण करवाया जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| मापन पुस्तिका पृ0सं0 | मद सं0 | मद का नाम | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 42 | 15 | P/F wooden frams | 20.94m2 | 2000 | 41880 |
| 42 | 17 | Applying primer coat over new wood | 51.72m2 | 19 | 982m70 |
| 42 | 18 | Painting two corta on new wood | 51.22m2 | 37.90 | 1960.20 |
| 42 | 19 | White glezated tiles | 2.94m2 | 701.10 | 2061.20 |
| 43 | 20 | White coloued glazed tiled skirting | 15m2 | 653.65 | 9804.75 |
| | | | | **योग** | **56688.85** |

**24 निर्माण कार्य का नामः– C/O Goshala at katoher kalm at Amb (Sh. C/O Cow Shed, Fodder Store, Lowdug yard etc.**

संविदाकार का नामः– मैसर्ज भगवती कन्सटरक्शन

कार्यालय आदेश संख्याः'– टी टी सी/48/डिवैल्पमैन्ट–08–509 दिनांक 23.9.09

माप पुस्तिका संख्याः–39

उक्त कार्य की माप पुस्तिका संख्या 39 में की गई रिकार्ड प्रविष्टियों की गणना की जॉच करने पर पाया गया कि गलत गणना करने के कारण संविदाकार को निम्नानुसार ₹976/– का अधिक भुगतान कर दिया गया है जिसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

| मापन पुस्तिका पृ0सं0 | मद का नाम | ली गई गणना | उचित गणना | अन्तर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | C.C. 1:2:4 (b) column | 7.28m3 | 7.14 | .14m3 | 3200 | 448 |
| 30 | P/L Mild/for steel | 12mm size=1x2x4(3.30-.60+.60=39.60m@.89 K/m=35.24 Kg | 26.40m@.89k2m=2349 Kg | 11.74Kg | 45 | 528 |
| | | | | | **योग** | **976** |

## 25 यात्री भवन भरवाई की मुरम्मत हेतु खुले बाजार में मदें क्रय करने बारेः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता चिन्तपूर्णी द्वारा यात्री भवन भरवाईं की मुरम्मत करवाने के लिए निम्न भुगतान वाऊचरों के विरूद्ध मदें खुले बाजार से क्रय की गई थी परन्तु इन मदों को खुले बाजार से क्रय करने के लिए हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम 2009 के नियम 98 के अनुसार स्थानीय क्रय समिति का गठन नहीं किया गया था और न ही नियमानुसार कार्रवाई की गई थी जिसके परिणामस्वरूप क्रय की गई मदों के न्यूनतम दर होने बारे पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः इस अनियमितता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति में नियमित करवाया जाए।

| वा0सं0 | मास | | मद का नाम | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 669 | 7/2012 | (i) | चौखट कपूरसाल | 126 | 125 | 15750 |
| | | (ii) | मोल्डिंग मरिन्डी | 300 | 4 | 1200 |
| | | (iii) | बोल्ट पेच आदि | – | – | 500 |
| | | (iv) | किराया | – | – | 200 |
| | | (v) | मजदूरी फिटिंग | – | – | 8000 |
| | | | | | **योग** | **25650** |
| 670 | 7/2012 | (i) | शीशा | 161 | 37 | 5957 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (ii) | लुकिंग मिरम | 15 | 55 | 825 |
| (iii) | पुटीन | 30 कि0ग्रा0 | 30 | 900 |
| (iv) | लेंबर | – | – | 1496 |
| (v) | किराया | – | – | 300 |
| | | | **योग** | **9478** |

## 26 लंगर के लिए विभिन्न प्रकार की राशन सामग्री का कम स्टॉक इन्द्राज करने बारे:–

अंकेक्षण अवधि 1/2010 से 12/2012 के चयनित मासों में जॉच करने पर पाया गया कि संलग्न **परिशिष्ट "xvi"** के अनुसार विभिन्न प्रकरणों में प्रत्येक के आगे दर्शाई रसीदों द्वारा प्राप्त राशन सामग्री के विरूद्ध सम्बन्धित भडार रजिस्टर में कम अथवा शून्य मात्रा दर्ज की गई जो कि एक गम्भीर अनियमितता है। स्टॉक रजिस्टर में कम दर्ज मात्रा को अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने के उपरान्त रसीद संख्या 277/0012 दिनांक 18.5.13, 279/0090 दिनांक 2.7. 2013 तथा रसीद संख्या 280/58 दिनांक 17.7.2013 द्वारा प्राप्त करके उक्त **परिशिष्ट "xvi"** में वर्णित क्रम संख्या **I** से **XXV** के अनुसार मदों को स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ संख्या क्रमशः ए–175, ए–215, ए–74, बी–21, ए–62, ए–215, ए–201, ए–10, ए–99, ए–32, ए–10, ए–10, बी–67 बी–67, ए–50, ए–14, ए–89, ए–177, ए–217, ए–101, बी–23, ए–14, ए–37, ए–137, बी–23 पर दर्ज किया गया जिसकी पुष्टि /सत्यापन अंकेक्षण दौरान कर लिया गया। अतः इस प्रकार के अन्य प्रकरणों पर मन्दिर समिति द्वारा भी अपने स्तर पर विस्तृत जांच करके स्टॉक रजिस्टर में वास्तविक मात्रा को ही दर्ज किया जाए तथा परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में उक्त प्रकार की अनियमितता पर अंकुश लगाया जाए ।

## 27 भण्डार रजिस्टरों में पाई गई अनियमितताएं :'–

माता चिन्तपूर्णी के भण्डार रजिस्टरों की जांच करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई:'–

### (क) प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी के अनुमोदन के बिना भण्डार रजिस्टर के पंखों को भण्डार से जारी करना:–

भण्डार रजिस्टर की जॉच करने पर पाया गया कि निम्नानुसार श्रद्धालुओं से चढ़ावें में प्राप्त किए गए दीवार को पंखों को विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों को जारी किया गया है। इन पंखों को जारी करने के लिए प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी का अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। अतः बिना अनुमोदन चढाने के पंखों को जारी करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

| दिनांक | विभाग/संस्था का नाम | पंखों की सं0 |
|---|---|---|
| 2.4.2010 | इन्चार्ज होम गार्ड | 2 |
| 6.5.2010 | महिला मण्डल वाहरू | 3 |
| 10.5.210 | रा0व0मा0पा0 अम्ब | 6 |
| 11.5.2010 | चेयरमैन सर्वेंट सोसाईटी बंगाणा | 4 |
| 11.5.2010 | रा0व0मा0पा0 मवा सिंघियॉ | 3 |
| 17.5.2010 | प्राईमरी हैल्थ सैन्टर लोहारा | 1 |
| 4.6.2010 | विकास सदन नारी | 2 |
| 23.6.2010 | जिला कोषाधिकारी ऊना | 2 |
| 23.6.2010 | प्राईमरी हैल्थ सैन्टर ऊना | 3 |
| 23.6.2010 | आंगन बाड़ी केन्द्र लोअर पंजाबर | 1 |
| 23.6.2010 | आंगन बाड़ी केन्द्र टक्की | 1 |
| 2.7.2010 | आदेशक गृह रक्षा 12वीं वाहिनी | 5 |
| 27.7.2010 | प्रभारी गृहरक्षा | 1 |
| 1.9.2010 | महिला मण्डल गोंदपुर बनहेड़ा | 1 |
| 22.9.2010 | स्ब तहसील भरवाईं | 3 |
| 31.10.2010 | ऐज स्कूल लोअर बन्साल | 1 |
| 3.2.2011 | भूपेन्द्र पटवारी मन्दोली | 1 |
| 22.4.2011 | आंगन बाड़ी गोन्दपुर बनहेड़ा | 1 |
| 25.5.2011 | रा0व0मा0पा0 अम्ब | 6 |
| 9.6.2011 | रा0व0मा0पा0 बन्साल | 2 |
| 9.6.2011 | कार्यालय ग्राम पंचायत नारी | 1 |
| 30.6.2011 | रा0मा0पा0 अठवां | 2 |
| 6.7.2011 | रा0व0मा0पा0 बड़ाहला | 2 |
| 10.9.2011 | रा0उच्च पा0 रैंसरी | 4 |
| 14.9.2011 | रा0व0मा0पा0 अम्ब | 5 |
| 14.9.2011 | आंगन बाड़ी केन्द्र समनोली | 1 |
| 27.9.2011 | रा0व0मा0पा0 चिन्तपूर्णी | 3 |
| | **योग** | **67** |

**(ख)** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार गरीब लड़कियों की शादी हेतु जारी मदों में पंखे की एक मात्रा अनुमोदित की गई थी परन्तु जॉच में पाया गया कि

निम्नानुसार प्रत्येक प्रकरण में एक पंखे की जगह 2 पंखे शादी के लिए जारी किए गए जोकि प्रबन्धन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के विरूद्ध है। अतः इस बारे वस्तुस्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **दिनांक** | **नाम** | **यात्रा जारी की गई** | **अधिक मात्रा** |
|---|---|---|---|
| 23.2.2010 | श्रीमती नियायते बीबी | 2 | 1 |
| 22.9.2010 | श्रीमती हसन बीबी | 2 | 1 |
| 26.9.2011 | श्रीमती ईलम बीबी | 2 | 1 |
| 18.10.2011 | श्री मौज दीन | 2 | 1 |
| 22.10.2011 | श्री अश्विनी कुमार | 2 | 1 |
| 30.6.2012 | श्री विनोद कुमार | 2 | 1 |

**(ग) परिशिष्ट "xvii"** पर दिए गए विवरणानुसार मदों की प्राप्ति रसीदों द्वारा की गई थी परन्तु उन्हें भण्डार रजिस्टर में कम अथवा शून्य दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त **परिशिष्ट "xviii"** पर दिए गए विवरणानुसार दैनिक चढ़ावा रजिस्टर में प्राप्त मदों को भण्डार पंजिका में दर्ज नही किया गया था तथा अब दोनों परिशिष्टों में दर्शाई गई मदों को दर्ज करने बारे पुष्टि कर ली गई है। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति न की जाए।

**(घ)** पंखों के भण्डार रजिस्टर में पंखों की गणना की जॉच करने पर पाया गया कि पृष्ठ संख्या 200 पर मास 11/2010 में पंखों का योग 24 बनता था जिसे कि 18 लिया गया है। इस प्रकार गणना में 6 पंखे कम लिए गए।

**(ङ)** मास 5/2010 में पंखों का आरम्भिक शेष 94 लिया गया जिसे 98 लिया जाना था। इस प्रकार आरम्भिक शेष में 4 पंखे कम लिए गए जिन्हें भण्डार में दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

**(च)** मास 9/2010 में पीतल की गढ़वी का आरम्भिक शेष 26 के स्थान पर 25 लिया गया। इस प्रकार आरम्भिक शेष में एक गड़वी कम ली गई जिसे भण्डार में दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

**(छ)** मास 9/2010 में चढ़ावा रजिस्टर के अनुसार पीतल की गड़बियों का योग 9 बनता था परन्तु इसे 3 दर्शाया गया है। इस प्रकार पीतल गढ़बियों की मात्रा 6 कम ली गई जिन्हें भण्डार में दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

## 28 बिजली के मीटर के बिल का ₹25529/– का दोहरा भुगतानः–

भुगतान वाऊचरों की जॉच करने पर पाया गया कि यात्री निवास में लगाए गए बिजली के मीटर संख्या YB-1/CS के माह 6/2010 के बिजली के बिल का भुगतान दो बार हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड मण्डल भरवाई को कर दिया गया है। विद्युत विभाग ने माह 6/2010 के लिए बिल संख्याः 263–भरवाई–NDNC-01-06/2010 दिनांक 5.7.2010 ₹25529/– भुगतान हेतु जारी किया था जिसका भुगतान मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा, वा0सं0 592 मास 7/2010 द्वारा करके विद्युत विभाग से रसीद संख्या 677592 दिनांक 14.7.2010 प्राप्त कर ली गई परन्तु विद्युत विभाग द्वारा माह 6/2010 का संशोधित बिल संख्या 263– NDNC-01 दिनांक 12.7.2010 ₹25983/– भुगतान के लिए पुनः जारी कर दिया गया तथा इस बिल का भुगतान भी प्रबन्धन समिति द्वारा वाऊचर संख्या 683 मास 7/2010 द्वारा ₹25983/– का कर दिया गया तथा रसीद संख्या 676784 दिनांक 24.7.2010 प्राप्त कर ली गई जबकि प्रबन्धन समिति द्वारा संशोधित बिल में से मात्र ₹454 (₹25983–₹25529) का ही भुगतान किया जाना था। इस प्रकार विद्युत विभाग को माह 6/2010 के लिए ₹25529/– का भुगतान अधिक किया गया। मन्दिर अधिकारी ने अपने पत्र संख्या 2453/13 दिनांक 19.7.2013 द्वारा सूचित किया है कि ₹25529/– के अधिक भुगतान का समायोजन विद्युत विभाग द्वारा बिल संख्या–263–भरवाईं NDNC-01-06/2013 दिनांक 5.7.2013 में कर दिया गया है तथा इसकी पुष्टि अंकेक्षण में कर ली गई है। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति न की जाए।

## 29 प्रेम आश्रम ऊना को ₹10437/– का दोहरा भुगतानः–

**(i) वाऊचर संख्या 585 मास 7/2010 ₹18124**

**(iii) वाऊचर संख्या 624 मास 7/2010 ₹13437**

मन्दिर समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा के दौरान अंकेक्षण दल को बताया गया कि किसी श्रद्धालु द्वारा सोनू नामक बच्चे को बचपन में ही मन्दिर परिसर में छोड़ दिया गया था तथा मन्दिर प्रबन्धन समिति चिन्तपूर्णी द्वारा इस बच्चे को प्रेम आश्रम चिल्ड्रन होम ऊना में पालन पोषण के लिए रखा गया है। इस बच्चे की पढ़ाई तथा अन्य समस्त खर्चों को मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा ही वहन किया जा रहा है। अंकेक्षणाधीन अवधि में मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा सोनू के पालन पोषण तथा शुल्क हेतु निम्नानुसार भुगतान किया गयाः–

| वा0सं0 | मास | | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 858 | 7/2010 | (i) | Fees for Jan, Feb, March 2010 @ 2500x3 and Miscellaneous Exp. | 7687 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (ii) | Fees of April , May, June 2010 @3000x3 | 9000 |
| | | (iii) | Miscelleneous Exp. (Drese shoes, Prithoky Party) | 1270 |
| | | (iv) | Medicines | 167 |
| | | | **योग** | **18124** |
| 624 | 7/2010 | (i) | Fees of April, May June, July 2010 @ 3000x4 | 12000 |
| | | (ii) | Miscellaneous Exp. (Dress, Shoes, Bithday Party) | 1270 |
| | | (iii) | Medicines | 167 |
| | | | **योग** | **13437** |

उपरोक्त भुगतान वाऊचरों से स्वतः प्रतीत होता है कि निम्नानुसार ₹10437/– का भुगतान प्रेम आश्रम ऊना को दो बार कर दिया गया है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अपेक्षित वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना में इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| | **विवरण** | **राशि** |
|---|---|---|
| (i) | Fees of April, May June 2010 3000x3 | 9000 |
| (ii) | Misc. Exp. | 1270 |
| (iii) | Medicines | 167 |
| | **योग** | **10437** |

## 30 आयुक्त (मन्दिर) की अनुमति लिए बिना ₹83645/– का विज्ञापन पर व्ययः–

चयनित मासों के भुगतान वाऊचरों की जॉच करने पर पाया गया कि निम्नानुसार आयुक्त (मन्दिर) की स्वीकृति लिए बिना ही ₹83645/– का व्यय विज्ञापनों पर किया गया है जिसके बारे में नियमानुसार इस विभाग को अवगत करवाया जाए तथा सक्षम अधिकारी की अनुमति लेकर व्यय का नियमितकरण करवाया जाए।

| **क्र0सं0** | **वा0सं0** | **मास** | **प्रकाशन/अखबार का नाम** | **राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 539 | 7/2010 | मै0 चोपड़ा पब्लिकेशन्ज | 4800 |
| 2 | 690 | 7/2010 | पंजाब केसरी | 20000 |
| 3 | 544 | 7/2011 | जागरण प्रकाशन | 5974 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 545 | 7/2011 | –यथोपरि– | 20000 |
| 5 | 546 | 7/2011 | –यथोपरि– | 4874 |
| 6 | 684 | 7/2011 | पंजाब केसरी | 20000 |
| 7 | 693 | 7/2012 | अमर उजाला | 4997 |
| | | | **योग** | **₹83645** |

**31 हिमाचल प्रदेश बिजली विभाग द्वारा विद्युत बिलों पर लगाए गए ₹23915/– के एम0सी0 चार्जिज के बारे में:–**

माह 7/2012 के दौरान मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा भुगतान किए गए बिजली के बिलों की जांच करने पर पाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा निम्नानुसार एम0सी0 चार्जिज की ₹23915/– वसूल की गई है। अतः इस बारे मामला सम्बन्धित विभाग से उठाया जाए तथा तदानुसार वस्तुस्थिति से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

| **वा0सं0** | **मास** | | **मीटर सं0** | **राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 715 | 7/2012 | (i) | P-III-956 | 4500 |
| | | (ii) | CP-III-1968-C | 5850 |
| | | (iii) | CP-III-1752-C | 5625 |
| 716 | 7/2012 | (i) | CP-979-SL | 1218 |
| | | (ii) | CP-1615-SL | 162 |
| | | (iii) | CP-1616-SL | 360 |
| | | (iv) | CP-1649-SL | 72 |
| | | (v) | CP-1648-SL | 1634 |
| | | (vi) | CP-1659-SL | 252 |
| | | (vii) | CP-1660-SL | 216 |
| | | (viii) | CP-2461-SL | 576 |
| | | (ix) | BN-518-SL | 972 |
| | | (x) | BN-673-SL | 396 |
| | | (xi) | RS-1-SL | 192 |
| | | (xii) | RS-28-SL | 198 |
| | | (xiii) | RS-121-SL | 540 |
| | | (xiv) | JB-1-SL | 432 |

| | | |
|---|---|---|
| (xv) | IN-13-SL | 198 |
| (xvi) | BP-25-SL | 198 |
| (xvii) | YB-7-SL | 324 |
| | **योग** | **23915** |

## 32 ₹40000/– का मोबाईल फोन क्रय करने पर व्ययः–

**वाऊचर संख्या 1633 मास 12/2012 ₹40000**

मन्दिर प्रबन्धन समिति चिन्तपूर्णी द्वारा अपने अधिकारियों को मोबाईल चार्जिज का प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है तथा मन्दिर समिति द्वारा निम्नानुसार मोबाईल फोन का भी क्रय किया गया है। इससे पूर्व भी मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा मोबाईल फोन का क्रय किया गया था। अतः उपरोक्त के दृष्टिगत किए गए क्रय का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

| फर्म का नाम | बिल सं0 | विवरण | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| मै0 कथूरिया इलैक्ट्रोनिक्स कम्पनी ऊना | 5649 | मोबाईल | 1 | 28000 | 28000 |
| –यथोपरि– | 5652 | मोबाईल | 1 | 12000 | 12000 |
| | | | | | **40000** |

## 33 हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विसमैन कारपोरेशन को ₹1143/– का अधिक भुगतानः–

वाऊचर संख्या 696, माह 7/2012 के अन्तर्गत मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी ने हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस मैन कारपोरेशन हमीरपुर को उनके द्वारा उपलब्ध करवाए गए सुरक्षा कर्मचारियों के माह 5/2012 के वेतन की बकाया ₹1143/– का निम्नविवरणानुसार अधिक भुगतान किया गया जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली करके मन्दिर निधि में जमा करवाई जाए।

| क्र0सं0 | पद | कुल दिन | प्रतिमास नई दर | प्रतिमास पुरानी दर | प्रतिमास अन्तर | भुगतान राशि | देय भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुपरवाईजर | 236 | 10604.75 | 9814.57 | 790.18 | 6015.56 | 6015.56 |
| 2 | सुरक्षा कर्मचारी | 1796 | 7180.62 | 6653.84 | 526.78 | 31536.56 | 30519.25 |
| | | | | | | 37552.13 | 36534.81 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सेवा कर 12.36% | | 4641.44 | 4515.70 |
| | | | | **योग** | | **42193.57** | **41050.51** |
| | | | **अधिक भुगतान ₹42193–₹41050 =₹1143** | | | | |

## 34 मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा क्रय की गई ₹742659/– की दवाईयों तथा दान में प्राप्त दवाईयों को भण्डार रजिस्टर में दर्ज न करने बारेः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा प्रत्येक मेले के दौरान दवाईयों का हिमाचल प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन से क्रय किया जाता है परन्तु इस दवाई को भण्डार रजिस्अर में दर्ज नहीं किया गया है। चर्चा में यह भी बताया गया कि क्रय की गई दवाईयों के अतिरिक्त भी श्रद्धालुओं द्वारा दवाईयॉ दान में दी जाती है परन्तु दान में प्राप्त की गई दवाईयों की न तो रसीद जारी की जाती है और न ही इन्हें भण्डार रजिस्टर में दर्ज किया जाता है। अतः क्रय की गई दवाईयों तथा दान में प्राप्त दवाईयों को भण्डार पंजिका में दर्ज करके नियमानुसार इनका वितरण दर्शाना भी सुनिश्चित किया जाए। मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा मास 1/2010 से 12/2012 तक क्रय की गई दवाईयों का विवरण निम्न प्रकार से है।

| दिनांक | राशि |
|---|---|
| 23.4.2010 | 24889 |
| 23.4.2010 | 41148 |
| 1.10.2010 | 106833 |
| 10.3.2011 | 139566 |
| 3.6.2011 | 78060 |
| 14.10.2011 | 146243 |
| 1.1.2012 | 34747 |
| 1.8.2012 | 136755 |
| 1.8.2012 | 34418 |
| **योग** | **742659** |

## 35 मुख्य आयुक्त की स्वीकृति के बिना भुगतान करनाः–

**(क)** हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था एवं पूर्व विन्यास (संशोधन) अधिनियम 2007 की धारा 4 (5) के अनुसार, "आयुक्त प्रत्येक स्कीम में पचास हजार रूपये तक के लिए

वित्तीय शक्तियों का प्रयोग कर सकते है और जिन स्कीमों में पचास हजार से अधिक का व्यय शामिल है उन्हें मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा अनुमोदित किया जाएगा परन्तु चयनित मासों में जॉच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार डिपोजिट कार्य करवाने के लिए विभिन्न विभागों को किए गए भुगतान को नियमित करवाने के लिए मुख्य आयुक्त (मन्दिर) की अनुमति नहीं ली गई है। अतः मुख्य आयुक्त (मन्दिर) से अनुमति लेकर व्यय का नियमितिकरण करवाया जाए।

| | विभाग का नाम | कार्य का नाम | | मास | राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग मण्डल–2 | गौशाला निर्माण स्थल पर टयूबबैल | (i) | 8/2009 | 1000000 | |
| | | | (ii) | 7/2010 | 650000 | |
| | | | (iii) | 6/2011 | 1348370 | |
| 2 | अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग | C/O rain shelter cum toilats block on main Road at then | (i) | 3/2011 | 959000 | |
| | | | (ii) | 7/2011 | 604200 | |
| 3 | –यथोपरि– | R&M of Sanoli Bye Pass Chinpurni Road KM 00 to 0/920 | (i) | 3/2010 | 716000 | |
| | | | (ii) | 7/2010 | 387432 | |
| 4 | –यथोपरि– | Improovments wideniy of chinpurni talwara road by Pass KM 00 to 15/310 (Sh. Cutting in earth and C/O Retaining wall) | | 6/2011 | 973950 | मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा इन कार्यो को दिनांक 8.3.2011 की बैठक में अनुमोदित किया गया दर्शाया गया है। परन्तु उक्त बैठक में इनका अनुमोदन नहीं किया गया है। |
| 5 | अधिशासी अभियन्ता लो0नि0 विभाग | Improvement of chinpurni road by Pass (Sh. Retaining wall at RD 5/350 to 5/368 & 3/595 to 5/409) | | 7/2011 | 984700 | –यथोपरि– |
| 6 | –यथोपरि– | R/M of samnoli bye Pass Chintpurni KM | | 7/2010 | 630878 | प्रबन्धन समिति द्वारा निर्माण द्वारा R/M of |

| | | |
|---|---|---|
| | % to 2/925 % o No. cayse way at RD 2/40 to 2/070 | samnoli bye pass chintpurni KM % to 2-/925 (Sh. C/O 1 no. Cause way at RD 2/510 to 2/540) का अनुमोदन किया गया है। |

**(ख)** इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी की दिनांक 18.3.2009 की बैठक की मद संख्या 11 तथा दिनांक 22.8.2009 की बैठक की मद संख्या 31 द्वारा अधिकारियों को निम्नानुसार मोबाईल का मासिक व्यय स्वीकृत किया गया।

| अधिकारी | प्रतिमास राशि |
|---|---|
| आयुक्त (मन्दिर) | 2500 |
| सहायक आयुक्त (मन्दिर) | 2000 |
| मन्दिर अधिकारी | 1500 |
| सहायक अभियन्ता | 1000 |

तत्पश्चात इन अधिकारियों को निम्नविवरणानुसार ₹224971/– का भुगतान मोबाईल चार्जिज के व्यय के रूप में किया गया परन्तु इस प्रकार के व्यय हेतु मुख्य आयुक्त (मन्दिर) से अनुमति प्राप्त नहीं की गई है जबकि यह भुगतान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पत्र संख्या फिन–1–(सी)–14–1/92 दिनांक 1.8.2007 द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा सीमा से अधिक है। अतः वांन्छित स्वीकृति अब प्राप्त की जाए तथा भविष्य में भुगतान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा सीमा से किया जाए।

| **अधिकारी** | **अवधि** | **भुगतान राशि** |
|---|---|---|
| आयुक्त (मन्दिर) | 1/2010 | 3181 |
| | 2/2010 | 1735 |
| | 3/2010 | 2250 |
| | 4/2010 | 2171 |
| | 5/2010 | 2240 |
| | 6/2010 | 2293 |
| | 7/2010 | 1941 |
| | 8/2010 | 1955 |
| | 9/2010 | 1787 |

| | | |
|---|---|---|
| | 10/2010 | 1524 |
| | 11/2010 | 2162 |
| | 12/2010 | 2124 |
| | 1/2011 | 2047 |
| | 3/2011 | 4515 |
| | 6/2011 | 2538 |
| | 9/2011 | 9351 |
| | 10/2011 | 2540 |
| | 11/2011 | 2277 |
| | 12/2011 | 2216 |
| | 1/2012 | 3225 |
| | 3/2012 | 865 |
| | 4/2012 | 1695 |
| | 5/2012 | 2145 |
| | 6/2012 | 1808 |
| | 7/2012 | 819 |
| | 9/2012 | 657 |
| | 10/2012 | 195 |
| | 11/2012 | 715 |
| सहायक आयुक्त (मन्दिर) | 1.1.2010 से 31.12.2012 तक 36 मास के लिए ₹2000 मासिक दर से भुगतान | 72000 |
| मन्दिर अधिकारी | 1.1.2010 से 31.12.2012 तक 36 मास के लिए ₹1500 मासिक दर से भुगतान | 54000 |
| सहायक अभियन्ता | 1.1.2010 से 31.12.2012 तक 36 मास के लिए ₹1000 मासिक दर से भुगतान | 36000 |
| | **योग** | **224971** |

**(ग)** मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा उपायुक्त एवं आयुक्त मन्दिर को माह 1/2010 से मोबाईल बिल का वास्तविक भुगतान तथा उपमण्डलाधिकारी एवं सहायक आयुक्त तथा मन्दिर अधिकारी

को कमशः ₹2000/– व ₹1500/– प्रतिमाह की दर से मोबाईल भत्ते/व्यय का भुगतान किया जा रहा है परन्तु इन भुगतान के अतिरिक्त मन्दिर समिति द्वारा इन अधिकारियों को चैत्र एवं असूज नवरात्रा मेलों के दौरान इसी समयावधि के लिए मोबाईल चार्ज करने हेतु पुनः अतिरिक्त ₹12500/– का भुगतान किया गया जिसका वितरण संलग्न **परिशिष्ट xix** पर दिया गया है। इस प्रकार इन अधिकारियों को पुनः किया गया मोबाईल भत्ता/भुगतान उचित नहीं है क्योंकि समिति द्वारा मन्दिर कार्यों हेतु उन्हें प्रतिमाह मोबाइल भत्ता/व्यय निर्धारित दर पर/वास्तविक व्यय आधार पर भुगतान किया जा रहा था। अतः अतिरिक्त भुगतान किए गए मोबाईल चार्ज/व्यय का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इसकी वसूली करके समिति लेखें में जमा करवाई जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता पर निश्चित तौर पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए।

## 36 आयुक्त (मन्दिर) की अनुमति/स्वीकृति लिए बिना ₹57560/– के अनुदान का भुगतान करना तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा भुगतान बिलों को पारित किए बिना ही ₹75040/– का भुगतान करनाः–

**(क)** चयनित मासों के भुगतान वाऊचरों की जांच करने पर पाया गया कि निम्नानुसार आयुक्त (मन्दिर) की स्वीकृति के बिना अनुदान की ₹57560/– भुगतान की गई है जिसका नियमितिकरण सक्षम अधिकारी की अनुमति लेकर करवाया जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **क्र0सं0** | **वा0सं0** | **मास** | **व्यक्ति का नाम** | **अनुदान राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 592 | 7/2010 | मै0 हि0 टरेवलर्ज भरवाई | 8500 |
| 2 | 561 | 7/2011 | श्रीमती व्यासा देवी | 5000 |
| 3 | 657 | 7/2011 | श्रीमती कमला देवी | 10000 |
| 4 | 707 | 7/2011 | श्री सागर शर्मा | 34060 |
| | | | **योग** | **57560** |

**(ख)** उपरोक्त के अतिरिक्त आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा भुगतान बिलों को पारित किए बिना ही निम्नानुसार ₹70450/– का भुगतान किया गया। अतः इस सन्दर्भ में वांन्छित कार्रवाई अब करके तथा समस्त भुगतान आहरण एवं वितरण अधिकारी से सत्यापित करवाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| वा0सं0 | मास | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| 512 | 7/2011 | मजदूरों का मस्ट्रोल | 40900 |
| 623 | 7/2011 | होमगार्ड का बिल | 29640 |
| | | **योग** | **70540** |

## 37 जिला भाषा अधिकारी एवं सचिव जिला संस्कृति परिषद ऊना से ₹138000/— के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करना:—

मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा जिला भाषा अधिकारी एवं सचिव जिला संस्कृति परिषद ऊना को ऊना को एतिहासिक व संस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण हेतु पुस्तक छपवाने के लिए ₹70000/— का भुगतान माह 5/2011 में तथा ₹68000 का भुगतान मास 7/2011 में वाऊचर 642 के अन्तर्गत किया गया। इस पुस्तक का प्रकाशन एवं विक्रय जिला भाषा अधिकारी एवं सचिव जिला संस्कृत परिषद ऊना द्वारा किया जाना था तथा इस पुस्तक की 1000 प्रतियॉ छपवाई जानी थी। विक्रय से प्राप्त आय का 50% भाग जिला संस्कृति परिषद तथा 50% भाग जिला रैडक्रास सोसाईटी के खातों में जमा करवाया जाना था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त भुगतान की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र अभी तक प्राप्त नहीं किए गए है जिन्हें सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 38 अनुमोदित संख्या में अधिक सुरक्षा गार्डो को बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के तैनात करने बारे:—

एच0पी0एक्स सर्विस मैन कारपोरेशन हमीरपुर से सुरक्षा गार्डों तथा सुपरवाईजरों की सेवाऐं आउटस्टेडिंग आधार पर मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा ली गई है। इन की सेवाऐं लेने हेतु अनुमोदन नव वर्ष मेला की दिनांक 12.12.2000 की हुई बैठक की मद संख्या 15 द्वारा लिया गया जिसके अनुसार 31 सुरक्षा गार्ड तथा 4 सुपरवाईजर रखने निर्णय लिया गया था परन्तु चयनित मासों के भुगतान वाऊचरों की जॉच में पाया गया कि निम्नानुसार सुरक्षा गार्डों तथा सुपरवाईजरों की सेवाएं प्रबन्धन समिति तथा आयुक्त (मन्दिर) की स्वीकृति/अनुमोदन के अनुमोदन के बिना ली जा रही है जिसके बारे में इस विभाग को नियमानुसार अवगत करवाया जाए।

| वा0सं0 | मास | | विवरण | संख्या | स्वीकृत सं0 | अधिक सं0/अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 686 | 7/2011 | (i) | सुरक्षा गार्ड | 58 | 31 | 27 |
| | | (ii) | सुपरवाईजर | 8 | 4 | 4 |
| 695 | 7/2012 | (i) | सुरक्षा गार्ड | 59 | 31 | 28 |
| | | (ii) | सुपरवाईजर | 8 | 4 | 4 |

## 39 मन्दिर परिक्षेत्र की सफाई हेतु संविदाकार को किए जाने वाले भुगतान बारेः–

मन्दिर न्यास चिन्तपूर्णी परिक्षेत्र की सफाई व्यवस्था का कार्य श्री केवल कृष्ण संविदाकार को आंबटित किया गया है तथा उक्त संविदाकार को मासिक दर पर भुगतान किया जा रहा है। संविदाकार को किए गए मासिक भुगतानों की जॉच कने पर पाया गया कि संविदाकार की मासिक दरें बिना निविदाऐं बुलाए ही बढ़ा दी गई है। यह दरें माह 2/2000 में ₹48000/– प्रतिमाह से ₹62000/– प्रतिमाह, माह 5/2009 में ₹62000/– से ₹80000 प्रतिमाह, माह 9/2010 में ₹80000/– प्रतिमाह से ₹104000 प्रतिमाह तथा माह 3/2012 में ₹104000/– प्रतिमाह में ₹137000/– प्रति माह निर्धारित की गई जोकि एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। अतः बिना वित्तीय निविदाऐं बुलाए संविदाकार की दरें बढ़ाने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास (संशोधन) अधिनियम 2007 की धारा 4 (5) के अनुसार आयुक्त (मन्दिर) को पचास हजार रूपये तक के लिए वित्तीय शक्तियॉ प्रदान की गई है तथा इससे अधिक का व्यय मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा अनुमोदित किया जाना अपेक्षित है। अतः उक्त अनुचित प्रक्रिया के नियमानुकूलन हेतु सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त की जाए व अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए तथा यह भी परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में सफाई कार्य हेतु व्यापक तौर पर प्रचार करके निविदाऐं आमन्त्रित की जाएं ताकि खुली बाजारी दर प्रतियोगिता का लाभ उठाया जा सके।

## 40 सुलभ इन्टरनेशनल चण्डीगढ़ को भुगतान की गई ₹2536550/– के बारे मेंः–

मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मेलों के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अस्थाई शौचालयों का निर्माण प्रतिवर्ष करवाया जाता है। इस निर्माण हेतु प्रतिवर्ष लाखों रूपये का भुगतान सुलभ इन्टरनैशनल चण्डीगढ़ को किया जाता है। अवधि 1.1.2010 से 31.12.2012 के दौरान भी अस्थाई शौचालयों का निर्माण करवाने के लिए सुलभ इन्टरनैशनल चण्डीगढ़ को ₹2536550/– का भुगतान किया गया। इस सन्दर्भ में वर्णित किया जाता है कि माता श्री

चिन्तपूर्णी के श्रद्धालुओं की संख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है परन्तु मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शौचालय का प्रावधान नहीं कि गया है तथा प्रत्येक मेले के दौरान मात्र अस्थाई शौचालयों का निर्माण करवाकर लाखों रूपये का भुगतान किया जाता है। यदि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा स्थाई शौचालयों का निर्माण करवा दिया जाता है तो इससे जहॉ एक ओर श्रद्धालुओं को ही सुविधा ही प्राप्त नहीं होती बल्कि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मेलों के दौरान अस्थाई शौचालयों हेतु प्रतिवर्ष किए जा रहे लाखो रूपये के अनावश्यक भुगतान से भी बचा जा सकता था। अतः इस प्रकरण में मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा आन्तरिक जॉच करके तदानुसार यथोचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## 41 वाहनों के क्रय मुरम्मत तथा पैट्रोल इत्यादि की खरीद के अतिरिक्त प्रयोग से सम्बन्धित अनियमितताएंः–

**(क) अग्नि शमन (फायर टैण्डर) वाहन के क्रय पर स्वीकृति राशि से ₹2097800/– का अधिक व्यय करनाः–**

